

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 087 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 10 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


# तीन जोन में बंटा जोशीमठ, तुरंत गिराई जाएगी खतरे वाली बिल्डिंग



जोशीमठ. उत्तराखंड के जोशीमठ में भू-धंसाव के खतरे के बीच राहत-बचाव का प्लान तैयार किया गया है. जिला प्रशासन ने लोगों को बचाने के लिए जोशीमठ को तीन जोन ह्यडेंजर-बफर-पूरी तरह सुरक्षितह्ल में बांट दिया है. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि प्रशासन सर्वे करवा कर डेंजर और बफर जोन की स्थिति का आंकलन कर रहा है. जो जोन पूरी तरह खतरे में होगा उसे तुरंत खाली कराया जाएगा. इस इलाके को डेंजर जोन कहा जा रहा है.

बफर जोन में वो इलाके शामिल किए जाएंगे, जो फिलहाल सुरक्षित हैं, लेकिन जिन पर कभी भी खतरा आ सकता है. और, जो इलाके पूरी तरह सुरक्षित हैं उन्हें सेफ जोन में रखा गया है. सुंदरम ने कहा कि हम इस बात की जानकारी ले रहे हैं कि कितने परिवार प्रभावित हैं और कितने व्यावसायिक संस्थानों को नुकसान होगा. इसके अलावा हम परिवारों के व्यवसाय का डाटा भी इकट्ठा कर रहे हैं. उसके आधार पर तय होगा कि लोगों को कहां विस्थापित किया जाए. मैं विस्थापन के लिए संभावित जगहों को देख रहा हूं. उन्होंने कहा कि जो बिल्डिंग जबरदस्त खतरे में होगी उसे तुरंत गिरा दिया जाएगा.

### 603 बिल्डिंग पर खतरा

चमोली डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी का कहना है कि जोशीमठ की 603 बिल्डिंग में मोटी-मोटी दरारें पड़ गई हैं. इसकी वजह से कई इलाकों को भू-धंसाव जोन में लाया गया है. यहां जोशीमठ और आसपास के इलाकों में कंस्ट्रक्शन का काम पूरी तरह बंद कर दिया गया है. इससे प्रभावित परिवार सुरक्षित जगहों की ओर जा रहे हैं. बता दें. जोशीमठ में बढ़ती दरारों ने वैज्ञानिकों को चिंता में डाल दिया है. मलबे और बोल्डर के ढेर के कारण जोशीमठ भू-गर्भीय दृष्टि से संवेदनशील है. ये इलाका जोन फाइव में पड़ता है, जो भूकंप के लिए बेहद संवेदनशील है और यही वैज्ञानिकों की असली चिंता का कारण भी है.

### बारिश हुई तो खतरा और बढ़ जाएगा

दूसरी चिंता जोशीमठ में उभर रही दरारों को लेकर भी है. जनवरी और फरवरी में वैज्ञानिक बारिश की भी आशंका जता रहे हैं. दूसरी ओर, वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान देहरादून के डायरेक्टर कालाचांद साईं का कहना है कि अगर बारिश हुई तो इन दरारों में पानी के इकट्ठा होने से भू-धंसाव और तेजी के साथ बढ़ सकता है. इस पर अगर इस क्षेत्र में हल्का सा भी भूकंप का झटका आया तो भू धंसाव के साथ लैंडस्लाइड की घटनाएं बढ़ सकती हैं.

# निशाने पर खाकी .....................

## आखिर पुलिस पर जनता का भरोसा क्यों नहीं कायम हो पा रही है।

### निशाने पर खाकी, ..........................पार्ट 2

**समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता/ धनंजय कुमार विधि संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 09 जनवरी 2023 :- आखिर भारतवर्ष के कई राज्यों में पुलिस को मंत्रियों एवं नेताओं की प्रतीक्षा एवं उनके सुरक्षा में दिनभर तपतीधूप हों या पानी की बारिश या बफीर्ली हवाओं की झोक हो फिर भी खड़ा रखा जाति है तथा मंत्रियों एवं नेताओं को सैल्यूट करने के लिए मजबूर किया जाता है। आखिर वजह क्या है कि मंत्रियों की सैल्यूट मारने के लिए मजबूर पुलिसकर्मियों को जनता के सेवक बनने नहीं दिया जाता ।

देश की सबसे बड़ी परीक्षा में पास हो कर आए और संविधान के अनुच्छेद 311 से संरक्षित युवा आईपीएस भी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अनपढ़ मंत्री के सामने आते हैं यह नेताओं द्वारा व्यवस्था की मजबूरी इनके सामने होता है। वही अपराधिक चरित के मंत्री लोग आईपीएस ऑफिसर को भी अपने से नीचे दिखाने का प्रयास करते हैं ,यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट के 2005 में पुलिस सुधार के फैसले को भी किसी राज्य ने नहीं माना ,क्योंकि सुप्रीम कोट केत्रयह आदेश से पुलिस मंत्री के जगह जनता के प्रति जवाबदेह होती।

### आखिर आम लोगों का रिश्ता जो पुलिस के प्रति हैं वह.दिन प्रति दिन कटुता पूर्ण क्यों होता जा रहा है ?

बतातें चले कि पुलिस मैनुअल 1861 भारतीय दंड संहिता को भी अंग्रेजों के द्वारा बनाई गई है जिसमें अस्पष्ट प्रावधान है कि पुलिस को कानून को पालन करना है। फिर भी प्रावधानों का उल्लंघन देखना हो तो नगर थाना औरंगाबाद एवं औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना में देखने को मिल जायेगा है। ऐसी हालात औरंगाबाद जिले के विभिन्न थानों में भी हैं

बताते चले कि कानून का राज्य एवं संवैधानिक व्यवस्था का अनुपालन औरंगाबाद नगर थाना द्वारा नहीं किया जा रहा है । मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा विविध वाद संख्या 207/2013 को 156( 3 ) तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश नगर थाना औरंगाबाद को प्राप्त है।



न्यायालय द्वारा कारण पृच्छा के बावजूद भी अभी तक न तो प्राथमिकी दर्ज किया गया है और न ही गत दिनों तक न्यायालय में कारण पृच्छा का जबाब समर्पित गया है।

बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले में पुलिस की मनमानी एवं पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों की संरक्षण की मामला देखना है तो जनाब नगर थाना औरंगाबाद में आ जाये जोऔरंगाबाद जिले के आदर्श थाना के रूप में स्थापित है। जिले के आदर्श थाना की दादागिरी एवं मनमानी इस हालात में चरम सीमा पर है कि जिले के न्यायविद, सोशल एक्टिविस्ट एवं पत्रकारों को भी सन्हा दर्ज कराने में पसीने छूट जाते है ।

भारतीय कानून में जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो कानून की हालत क्या होंगे यह तो किसी से छुपा हुआ नहीं है! यहां यह बता देना अनिवार्य है कि भारतीय दंड प्रकिया संहिता की धारा 149 से धारा 174 तक पुलिस अनुसंधान एवं जांच की शक्तियों की विवेचना की गई है जिसे नगर थानाध्यक्ष औरंगाबाद एव इनके सहायक पुलिसकर्मियों के द्वारा अनुपालन नहीं किया जाता है । थाने में थाना दैनिकी, अप्राथमिक पजी, प्राथमिकी पंजी, जो सरकार के द्वारा पुलिस के कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराई गई है,उसमें मात्र अपराध परिलक्षित होने पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने का प्रावधान है। बिना किसी प्रविष्टि के जांच करने का प्रावधान भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधान के तहत किया जाता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि जांच एवं प्राथमिकी का आधार क्या होगा।

### कहीं अनैतिक धन उपार्जन की चाहत में कानून के राज्य को जंगलराज में परिणत करने की नीति तो नहीं है ?

यह सर्वविदित सत्य है कि डी.के बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य के जारी दिशानिदेर्शों का उल्लंघन नगर थाना औरंगाबाद द्वारा किया जा रहा है । डी.के बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य में


जारी दिशानिदेर्शों के संबंध में नगर थाना औरंगाबाद से सूचना की मांग की गई है , माँग की गई सूचना के आलोक में नगर थाना औरंगाबा के डी.आर नंबर 2682/2015 से सूचक को सूचना उपलब्ध कराया गया है जिसमें कहा गया है कि

डी. के बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य में जारी दिशानिदेर्शों से संबंधित कोई अभिलेख नगर थाना औरंगाबाद में उपलब्ध नहीं।

# नोएडा सेक्टर 124: वेंडिंग जोन में अवैध वेंडर का भरमार, नियमों का धज्जियाँ उड़ा रहे है प्राधिकरण के कर्मचारी

**समाज जागरण नोएडा**

नोएड सेक्टर 124/ सुपरवाइजर, सर्किल आफिसर और अधिकारी के मनमानी से परेशान में वेंडर नें न्याय के लिए नोएडा प्राधिकरण के मुख्यकार्यपालक अधिकारी से लगाया गुहार। प्राधिकरण को लिखे एक पत्र में जहाँ एक तरफ पथ विक्रेता अधिनियम मे हो रहे अनिमियता को लेकर शिकायत की गई है वही दूसरी तरफ प्राधिकरण के आफिसर और अधिकारियों पर भी सवाल खड़ा किया है। वेंडर नें अपने शिकायत में लिखा है कि हम शिकायत भी करते है तो उसका कोई सुनवाई नही होता है, उस पर किसी भी प्रकार से कार्यवाही नही की जाती है।



दिनांक :- 09-01-2023

सेवा में,
श्रीमान मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय,
नवीन ओखला औधोगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन सेक्टर-06 नोएडा
जनपद गौतम बुद्ध नगर।

सेवा में,
श्रीमान पथ विक्रेता अध्यक्ष अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय,
नवीन ओखला औधोगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन सेक्टर-06 नोएडा
जनपद गौतम बुद्ध नगर।

सेवा में,
श्रीमान पथ विक्रेता सचिव (OSD) महोदय,
नवीन ओखला औधोगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन सेक्टर-06 नोएडा
जनपद गौतम बुद्ध नगर।

विषय : श्रीमान जी वर्क सर्कल 9 सेक्टर 124 वेंडिंग जोन -04, के अधिकारियों द्वारा अपने निजी स्वार्थ में नए अवैध पथविक्रेताओं को जबरदस्ती स्थापित करने की अनुस्मारक शिकायत पत्र।

श्रीमान जी,

[illegible]

बताते चले कि मामला नोएडा सेक्टर 124 वेंडिंग जोन का जहाँ पर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा एक साफ और सुन्दर वेंडिंग जोन बनाया गया ताकि पथ विक्रेता अधिनियम के तहत जिन्होंने आवेदन किया था 2018 और उसके बाद उनको पहले आओ पहले पाओं के आधार पर व्यवसाय करने के लिए व्यवस्थित किया जा सके। जिसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने मासिक किराया भी तय किया हुआ है जिसे बहुत सारे वेंडर एडवांस में भी जमा करते है।

इस मामले में अब वेंडर का कहना है कि अब हम लोग प्राधिकरण को किराया क्यो दे ? वेंडर से मिली शिकायत के अनुसार वेंडिंग जोन में जितना वेंडर लाइसेंस प्राप्त है जिनको ड्रा करने के बाद जगह दिया गया है उससे कही ज्यादा तो वह लोग है जो कि प्राधिकरण के फोर्थ क्लास के कर्मचारी के जेब भरते है और उसी वेंडिंग जोन मे या उसके आस पास में दुकान लगाते है।

उनका कहना है कि जब पथ विक्रेता अधिनियम के तहत 2019 में सर्वे किया जा रहा था तो इसमें से एक भी वेंडर नही था तो नये वेंडर कहाँ से आ गए अचानक । जो सत्यापित वेंडर था उनका तो ड्रा हो चुका है तो अब यह नया बखेरा क्यो हो रहा है। प्राधिकरण के कर्मचारी ही अपने निजी स्वार्थ के लिए प्राधिकरण के द्वारा अनुमोदित वेंडिंग जोन में नित्य नये वेंडर को व्यवस्थित कर रहे है जिसके कारण अब हम लोगों के लिए किराया तक निकालना मुश्किल हो रहा है। इससे पहले भी कई बार शिकायत दी गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हुई।

वेंडर नें पत्र में लिखा है कि जिन लोगों को वेंडिंग जोन में बिठाया जा रहा है यह वही लोग है जिनसे पहले प्राधिकरण के कर्मचारी और आफिसर वसूली करते थे। अब नये वेंडर के नये फार्म लेकर उन्हे सेक्टर 39 में बुलाया जाता है और फार्म लिया जाता है ताकि आने वाले समय में जब ड्रा हो तो इन लोगों को शामिल किया जा सके।

उक्त पथ विक्रेता नें प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखे पत्र में न्याय के लिए गुहार लगाया है तथा उचित कार्यवाही करते हुए जोन में बिठाए गए अवैध वेंडर को बाहर निकालने की मांग की है। यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा कि उक्त वेंडर के शिकायत पर प्राधिकरण के अधिकारी कोई कार्यवाही के आदेश देती है या नही हालांकि अब तक कि शिकायत तो बिना निराकरण के ही रद्दी के टोकरी में डाल दिये जाते रहे है।।

### किसान ऋण माफ योजना का नहीं दिखा असर बैंकों द्वारा हो रहे धोखाधड़ी के शिकार किसान

हरदोई उपेंद्र कुमार शुक्ला पुत्र राम सागर शुक्ला निवासी ग्राम हाजीपुर पोस्ट मणिकापुर जनपद हरदोई के द्वारा सन 2015 में आर्यावर्त ग्रामीण बैंक से 50000 कृषि ऋण दिया गया था लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण वह ऋण नहीं जमा कर पाए सरकार द्वारा सन 2017 में किसानों के ऋण माफी की योजना के अंतर्गत बैंक ने उनको अपात्र घोषित कर दिया और उनका लोन माफ नहीं किया गया। उच्च न्यायालय द्वारा कृषि लोन माफ के अंतर्गत उनको पात्र घोषित किया गया था उसके बावजूद भी उनको पात्रता नहीं दी गई सरकार द्वारा किसानों के लिए जितनी भी योजनाएं लाई जाती हैं उनमें उनको अपात्र ही रखा गया है सरकार से अनुरोध है कि इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और किसान उपेंद्र कुमार शुक्ल को पात्र की गुण श्रेणी में लाया जाए।

# राष्ट्र सम्मान और जन जन के समृद्धि के प्रति समर्पित होकर कार्य करती रही है भाजपा- महेश चन्द्र श्रीवास्तव

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर।जनसहभागिता और सार्वजनिक भागीदारी के साथ भारतीय जनता पार्टी लगातार राष्ट्र सम्मान और जन जन के समृद्धि के प्रति समर्पित होकर कार्य करती रही है

और आज यह देश की कुल आबादी 130 करोड़ के विकास लक्ष्य को लेकर नये भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है।यह बात आज भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा काशी क्षेत्र




अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कही उन्होंने कहा कि काशी क्षेत्र के दो लोकसभा क्षेत्रों को विगत चुनाव मे हम जितने से वंचित रह गए थे। लेकिन 2024 के चुनाव मे हमारा लक्ष्य है कि अब तक के भारी अंतर से हम गाजीपुर और जौनपुर लोकसभा मे भाजपा का विजय पताका लहराएंगे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने स्पष्ट रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश मे महिलाएं तथा व्यापारियों के साथ आम जन जीवन आज भयमुक्त जीवन जी रहा है।आज सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से किसान जहाँ उन्नति कृषि और उचित फसल मूल्यों के साथ समृद्धि की ओर अग्रसर है वही समाज के गरीब और कमजोर लोगों के बुनियादी जरूरतों के लिए भी सरकार कार्य कर रही,सफाई और स्वच्छता के साथ स्वास्थ के प्रति भी लगातार कार्य कर छोटे से छोटे क्षेत्रों मे आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि इसी महीने मे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का भी गाजीपुर मे एक विशाल जनसभा सम्बोधित करने कि संम्भावना बन रही है जिसके तिथि, समय और स्थान की घोषणा शीघ्र होगी।

उन्होंने कार्यकताओं से मुखातिब होकर कहा की महिलाओं को संगठित कर उनके लिए सरकार से मिल रहे लाभ की जानकारी तथा उन्हें सहयोग कर लाभान्वित कराना हमारा उद्देश्य है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा छात्रों से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का जिले के विभिन्न विद्यालयों मे एलईडी टिवी के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### जिला प्रभारी अशोक मिश्रा ने बैठक मे उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद आभार प्रकट किया।

बैठक मे भारतीय जनता पार्टी के पुर्व प्रदेश अध्यक्ष, तीन बार उ प्र विधानसभा अध्यक्ष के अलावा पं बंगाल के पुर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा को शान्ति के लिए प्रार्थना कि गयी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश चंद्र श्रीवास्तव सहित सभी मंचासीन लोगों को पुष्प गुच्छ, स्मृति तथा शाल देकर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया। बैठक मे विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह,जिला प्रभारी अशोक मिश्रा,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,सरोज कुशवाहा, पुर्व मंत्री डा संगीता बलवंत,सुनीता सिंह,कालीचरण राजभर, प्रभुनाथ चौहान, लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय, पुर्व जिलाध्यक्ष विजय शंकर राय,रामतेज पांडेय, वृजेन्द्र राय,प्रोफेसर शोभनाथ यादव,नपा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल,लोकसभा विस्तारक रविप्रकाश पांडेय,ब्लाक प्रमुख मनोज गुप्ता,अवधेश राय,राजन सिंह,सीता सिंह, आनन्द राय,सुनील सिंह,ओमप्रकाश राय,दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर,विनोद अग्रवाल,रामनरेश कुशवाहा, संकठा मिश्रा,राजेश राजभर,अखिलेश सिंह,श्यामराज तिवारी,ओमप्रकाश राम,सरोज मिश्रा,अच्छे लाल गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,योगेश सिंह,दीपक सिंह,मनोज बिंद,शैलेश राम,सुरेश बिंद सहित स मंडल अध्यक्ष प्रभारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जोशीमठ संकट: बिगड़ रहे हालात, कई और घरों में दिखी दरारें, चीफ सेक्रेटरी ने कहा- हर मिनट अहम

देहरादून. उत्तराखंड के जोशीमठ कस्बे में और भी घरों, इमारतों तथा सड़कों पर दरार दिखाई दीं, वहीं राज्य के मुख्य सचिव एस एस संधू ने सोमवार को कहा कि एक-एक मिनट अहम है. आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चमोली के एक बुलेटिन के अनुसार जोशीमठ में सोमवार को 68 और घरों में दरार देखी गयी जिसके बाद जमीन धंसने से प्रभावित मकानों की संख्या 678 हो गयी है, वहीं 27 और परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है. इसमें कहा गया कि अब तक 82 परिवारों को कस्बे में सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है. संधू ने जोशीमठ में हालात की समीक्षा के लिए राज्य सचिवालय के अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे लोगों को घरों से निकालने के काम में तेजी लाने को कहा ताकि वे सुरक्षित रहें. उन्होंने कहा, ह्यएक-एक मिनट महत्वपूर्ण है.

जिला प्रशासन ने असुरक्षित 200 से अधिक घरों पर लाल निशान लगा दिया है. उसने इन घरों में रहने वाले लोगों को या तो अस्थायी राहत केंद्रों में जाने या किराये के घर में स्थानांतरित होने को कहा है. इसके लिए प्रत्येक परिवार को अगले छह महीने तक राज्य सरकार से 4000 रुपये मासिक सहायता मिलेगी. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल के कर्मियों को राहत तथा बचाव प्रयासों के लिए तैनात किया गया है. जोशीमठ में 16 स्थानों पर प्रभावित लोगों के लिए अस्थायी राहत केंद्र बनाये गये हैं. इनके अलावा, जोशीमठ में 19 होटलों, अतिथि गृहों और स्कूल भवनों को तथा शहर से बाहर पीपलकोटी में 20 ऐसे भवनों को प्रभावित लोगों के लिए चिह्नित किया गया है.

बैठकी

# " तपस्वी और पुजारी "

अभी बैठकी जमी हीं थी कि राधेश्याम पाठक जो रिटायर्ड एस आई हैं और रिश्ते में दादा लगेंगे, परदा हटाकर बैठक खाने में प्रवेश किये! आदर सहित बैठने का आग्रह किया! बैठते हीं बोल पड़े---
ए प्रोफेसर, ये कांग्रेसिया हम हिंदूओं को कबतक मूर्ख बनायेंगे!
अरे क्या हुआ दादाजी!! -- सुरेंद्र भाई पुछ बैठे!

ये राहुल गांधी, बोलता है कि ये देश तपस्वियों का है पुजेरियों का नहीं! और मैं तपस्वी हूँ! भला बताइये, आजादी के बाद से हीं नेहरू और गांधी परिवार,हिंदूओं और हिन्दू धर्म के प्रति नफरत का भाव रखता आया है और तुष्टीकरण की नीति पर चलते हुए, हिंदूओं के हीं देश में हिंदू संस्कृति को समाप्त करने का वो सभी प्रक्रम किया जो मुगलों और अंग्रेजों ने किया था! बल्कि उससे भी कई हाथ बढ़चढ़ कर ऐसा ऐसा षड्यंत्र किया कि सनातन संस्कृति के अस्तित्व पर संकट आ पड़ा है! और अब इसी प्रक्रम के तहत हिन्दू और हिंदुत्व तथा तपस्वी और पुजारी के बीच भेद करने को तत्पर है! अर्थात फिर हिंदूओं पर नये नये प्रयोग!!-- दादाजी ने गहरी सांस ली!

अजी, कांग्रेस की डुबती नैया को बचाने और नयी जान फूंकने के लिए हीं तो भारत जोड़ो यात्रा पर निकला है! और सुने नहीं कि कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने राहुल को सलाह दिया है कि जबतक हिंदूओं में कांग्रेस के प्रति "हिन्दू विरोधी" की क्षवि नहीं सुधरेगी तबतक कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति में सुधार संभव नहीं! सिर्फ मुस्लिम कार्ड खेलने से कुछ नहीं होने वाला!
तभी से देख नहीं रहे ये रहुलवा अब लम्बा-चौड़ा टीका लगा कर मंदिर- मंदिर घुम रहा है और सभी कांग्रेसी इसे, तपस्वी साबित करने पर तुले हैं! ---मास्टर साहब अपनी कहे!

कुछो कहिये, राहुल गांधीया के पद जतरा में भीड़ त जुटिये न रहा है! इ देख के भजपईयन के नस ढ़िला होईये न गया है! ---मुखियाजी हथेली पर तम्बाकू रगड़ते हुए!

तभी बेटी चाय का ट्रे रख गयी और हमलोग चाय की चुस्की लेने लगे!

देखें नहीं हिन्दू विरोधी छवि को सुधारने के क्रम में हीं सलमान खुर्शीद ने राहुल की तुलना भगवान राम से करने लगे! --- पारस नेता याद दिलाये!

असल में इन कांग्रेसियों को मुस्लिम तुष्टीकरण करने की आदत रही है! हिंदू तुष्टीकरण की आदत तो है नहीं इसलिये प्रयास करते हैं लेकिन



दाव उलटा पड़ जाता है!अब बताइये, राहुल कहता है कि भारत तपस्वियों का देश है पुजारियों का नहीं! अर्थात भाजपाईयो का नहीं!--- कहकर कुंवरजी मुस्कुरा पड़े!

ए भाई, हमरे देश में, धरम आ जाति के राजनीति छोड़ के, अवर दुसर कोई बात नहीं होगा का! सबके सब इहे विषईया के घोर माठा, करते रहेंगे! अरे औरो मुद्दा है कि नहीं!! -- मुखियाजी उबते लगे!

लिजिये, देख नहीं रहे! बिहार में नितीश कुमार, 92 बर्ष बाद अंग्रेजों की राजनीति- "फूट डालो और राज करो" वाला नुक्सा शुरू कर दिये हैं! अर्थात जातीय जनगणना का मास्टर माइंड प्लान! ताकि हिंदूओं की बड़ी जातिगत संख्या -ओबीसी को अपने पक्ष में बना लिया जाय! --- मास्टर साहब ने अलग राग अलापा!

तो इनकी देखा देखी, महाराष्ट्र में भी शरद पवार महोदय भी जातीय जनगणना के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद करने में लगे हैं! जबकि उत्तर प्रदेश में नगरपालिका चुनाव के मद्देनजर ओबीसी के आरक्षण को लेकर राजनीति के धरातल से लेकर कोर्ट तक उलझ गया है! उधर भाजपा अपने ओबीसी के 50 प्रतिशत वोटरों को अपने पक्ष में बनाये रखने के लिए माथापच्ची कर रही है तो दुसरी ओर सपा और बसपा भाजपा को ओबीसी अर्थात पिछड़ा विरोधी साबित करने पर तुली है! मामला कोर्ट के दरवाजे पर झुल रहा है! मोटे तौर पर अब सभी विरोधी पार्टियां जातीय जनगणना पर जोर दे रही हैं! ---सुरेंद्र भाई बसह में!

अरे बात कहाँ की कहाँ लेकर चले गये! यहाँ कांग्रेस की साफ्ट हिन्दूज्म की बात चल रही है! टीवी न्यूज देखने से यही प्रतीत होता है कि सभी कांग्रेसी नेता मिलकर, ये साबित करने में लगे हैं कि अब राहुल पहले वाले राहुल नहीं रह गये हैं! कोई इन्हें योगी तो कोई तपस्वी बता रहा है जबकि खुद राहुल भी कह रहे हैं कि अब मैं वो राहुल नहीं रह गया! कांग्रेस को तपस्या तो भाजपा को पूजा का क्षेत्र दर्शा रहे हैं! लेकिन बेचारे कांग्रेसियों को ये समझ नहीं है कि राजनीति में एक बार जो इमेज बन जाता है उसे बदला नहीं जा सकता! --- कहकर दादाजी हाथ चमकाये!

ए सरजी, आपहुं कुछ कहियेगा कि बस, खाली सुनते हीं रहियेगा!-- मुखियाजी मेरी ओर देखकर!

मुखियाजी, आज सत्ता के लिए,राजनीतिक दलों द्वारा, जो टूल्स इस्तेमाल किया जा रहा है उसे देख कर, दुख होता है! कोई धर्म को तो कोई जाति को तो कोई फ्री, फ्री, फ्री की राजनीति कर रहा! क्या ऐसे राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रभक्त माना जा सकता है!! जो सिर्फ अपने स्वार्थ में भारतीय और सनातन संस्कृति का, सामाजिक समरसता का, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का अहित करने में हीं,अपनी सफलता का मापदंड स्थापित किये हों!!
क्या देश के किसी खास तबके का खासमखास बनना हीं राष्ट्रभक्ति है!! क्या गरीब नागरिकों में भी जाति और धर्म देखकर सुविधायें मुहय्या कराई जाती रहेगी!! 2014 से पहले की दिल्ली की सत्ता के क्रिया कलापों की बारीकी से अवलोकन किया जाय तो संविधान का इस्तेमाल सिर्फ और सिर्फ,बहुसंख्यक हिंदूओं को कमजोर और प्रताड़ित करने के उद्देश्य से किया जाता रहा है! धर्मनिरपेक्षता सिर्फ और सिर्फ हिंदूओं को मूर्ख बनाने के उद्देश्य से संविधान में घुसेड़ा गया! वहीं आरक्षण का आधार भी हिंदूओं को सामाजिक स्तर पर तोड़ने के उद्देश्य से रखा गया क्योंकि 10 साल के लिए निर्धारित ये संवैधानिक आरक्षण का आज 75 साल बाद भी और बढ़ते जाना यही साबित करता है! जबकि सामाजिक स्तर पर देखिये तो आज जाति से अधिक महत्वपूर्ण भूमिका आर्थिक संपन्नता की हो गई है! वही हाल फ्री की राजनीति का है! ऐसे राजनीतिक दलों को देश और राज्य की खास्ता होती आर्थिक स्थिति से कुछ लेना देना नहीं होता बस, किसी तरह सत्ता हाथ में आ जाये! --- मैं चुप हुआ तभी कुंवरजी बोल पड़े ---
" सरजी, इसमें दोष किसका है!! मुझे तो सारा दोष अपनी जनता का हीं दिख रहा है जो ऐसे देश, धर्म और समाज द्रोही राजनीतिज्ञों को सत्ता के गलियारे तक पहुंचाते हैं!"


अजी, हमारी जनता क्या करे! वो भी तो लाचार है! एक तरफ नाग नाथ हैं तो दुसरी ओर सांपनाथ हैं! अच्छा अब में चलुंगा! -- कहकर राधेश्याम दादा उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# जोशीमठ की जान को खतरा

भारत में हिमालय की गोद में बसे जोशीमठ की जान को खतरा है। जोशीमठ क्या पूरे उत्तराखंड की जान खतरे में है। जोशीमठ की जान बचाने के लिए वैज्ञानिक और सत्ता के मठाधीश पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। क्योंकि जोशीमठ का खतरा भगवान का नहीं इनसान का पैदा किया गया है। सरकार ने जोशीमठ के डेढ़ किलोमीटर भू-धंसाव प्रभावित क्षेत्र को आपदाग्रस्त घोषित किया गया है।
भारत में जोशीमठ का वजूद सदियों पुराना है। जोशीमठ का अपना इतिहास है, अतीत है, किस्से हैं, कहानियां हैं। जोशीमठ की जान को पैदा हुए खतरे से पहले हमें जोशीमठ को जान लेना चाहिए। कहने को तो एक क्षत्रिय सेनापति कंटुरा वासुदेव कत्यूरी ने गढ़वाल की उत्तरी सीमा पर अपना शासन स्थापित किया था और जोशीमठ को अपनी राजधानी बनाया था। जोशीमठ 7 से 11सदी तक सत्ता का केंद्र रहा। कालांतर में जोशीमठ संतों का केंद्र बन गया।
धारणा और तथ्यों के मुताबिक जोशीमठ को 8 वीं सदी में आदि शंकराचार्य ने स्थापित किया था। उन्होंने यहां एक शहतूत के पेड़ के नीचे तप किया और यहीं उन्हें ज्योति या ज्ञान की प्राप्ति हुई। यहीं उन्होंने शंकर भाष्य की रचना की जो सनातन धर्म के महत्त्वपूर्ण ग्रंथों में से एक है।
जोशीमठ में लगातार हो रहे भू-धंसाव ने स्थानीय जनता, प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की चिंता बढ़ा दी है। बढते खतरे और मामले के उच्चतम न्यायालय में पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन पर जोशीमठ के ताजा हालात से अवगत कराया। सीएम धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जोशीमठ के संदर्भ में दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर प्रभावित नगर-वासियों की सुरक्षा व पुनर्वास के लिए उठाए गए कदमों एवं समस्या के समाधान के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक कार्य योजना की प्रगति के विषय में जानकारी ली।
जोशीमठ के वजूद को खतरा अचानक पैदा नहीं हुआ।खतरा पुराना है लेकिन उसकी अनदेखी की गई।अब जब पानी सिर के ऊपर हो गया है तो पूरी सरकारी मशीनरी को सक्रिय होना पड़ा है। है। हर कोई मानता है कि स्थिति गंभीर है और तेजी से काम करने की जरूरत है। यहां एक दो नहीं सैकड़ों मकान खतरे में है। इन्हें चिन्हित कर लाल निशान लगाए जा चुके हैं।
दरअसल जोशीमठ के नीचे से एक लंबी सुरंग बनाई गई है.यही सुरंग मोटे तौर पर समस्या क जड़ है। यह सुरंग वहां से शुरू होती है, जहां पिछले साल ऋषिगंगा नदी ने तबाही मचाई थी. यह सुरंग वहां से शुरू होकर हेलंग तक जाती है. इस प्रोजेक्ट के जरिए तपोवन में पानी स्टोर होगा और सुरंग के जरिए हेलंग तक पहुंचेगा. यह सुरंग करीब एक किलोमीटर की निचाई में बनाई गई है.
इस सुरंग पर जमीन का पूरा दबाव है. साल 2009 में हेलंग से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर इस सुरंग में एक टनल बोरिंग मशीन फंस गई थी. इस मशीन ने जमीन के नीचे एक पानी के स्रोत को पंचर कर दिया. इसकी वजह से करीब




एक महीने तक पानी रिसता रहा. यह भी कहा जा रहा है कि जोशीमठ में दरारों की एक वजह यह भी हो सकता है. इसके अलावा यह भी कहा जा रहा कि पिछले साल तपोवन में आई त्रासदी में सुरंग में जो पानी घुसा था, कहीं वो ही पानी तो अब जोशीमठ में नहीं आ रहा है
उत्तराखंड पिछले दशक में एक भीषण त्रासदी का भुक्तभोगी है।और अब किसी भी नयी त्रासदी का सामना करने की स्थिति में नहीं है।
जोशीमठ संकट को लेकर जितने मुंह उतनी बातें हैं। राजनीति है। आरोप - प्रत्यारोप हैं, लेकिन संकट से निपटने के लिए सामूहिक संकल्प का अभाव है। फिलहाल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी को जोशीमठ में रिस रहे पानी की जांच करने का जिम्मा दिया गया है। वह पानी के मूल स्रोत का पता लगाएगा।जोशीमठ की वहन क्षमता का तकनीकी अध्ययन होगा। आईआईटी रुड़की की टीम पता लगाएगी कि वास्तव में नगर की वहन क्षमता कितनी होनी चाहिए?
अब जोशीमठ की मिट्टी की पकड़, भूक्षरण को जानने के लिए विस्तृत भू तकनीकी जांच होगी। जरूरत पड़ने पर नींव की रेट्रोफिटिंग का भी अध्ययन होगा। संकट की जड़ तक पहुंचने के लिए इलाके की जियो फिजिकल स्टडी का नेचर जानना जरूरी है।
सवाल केवल जोशीमठ का नहीं बल्कि देश के पूरे पहाड़ी अंचल का है।हम पहाड़ों के मूल स्वभाव से तालमेल बैठाने के बजाय अपनी सुविधा के लिए पहाड़ों से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसके अपराधी सरकार, उद्योगपति, पूंजीपति, बहु-राष्ट्रीय कंपनियां सब हैं।इनका हाथ पकड़ने वाला कोई नहीं है। कोई सुंदर लाल बहुगुणा नहीं है।आज यह त्रासदी उत्तराखंड की है कल हिमाचल की होगी,न रुके, न सम्हले तो दूसरे पहाड़ी हिस्सों की होगी। उम्मीद करना चाहिए कि तमाम स्वार्थों से ऊपर उठकर सरकार इस आपदा का मुकाबला करने में सफल होगी।

**@ राकेश अचल**

# बासु चटर्जी

बासु चटर्जी (जन्म- 10 जनवरी, 1927; मृत्यु- 6 जून, 2020) हिंदी और बंगाली सिनेमा के जाने-माने पटकथा लेखक और निर्देशक थे। उन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरूआत बासु भट्टाचार्य का सहायक बनकर की। बासु भट्टाचार्य और ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्मों की तरह बासु चटर्जी की फिल्में भी हल्के मूड वाली मध्यम वर्गीय परिवार की कहानियां होती थीं। वह अपनी फिल्मों में शादी और प्रेम संबंधों पर ज्यादा जोर देते थे। इसके अलावा उनकी फिल्में सामाजिक और नैतिक मुद्दों पर भी बातचीत करती थीं।

70 व 80 के दशक में हिंदी सिनेमा को बासु चटर्जी ने कई ऐसी फिल्में दी जिन्होंने इंडस्ट्री के कई आयामों को बदल दिया। बासु दा ने 1969 में आई अपनी फिल्म 'सारा आकाश' के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। फिल्म 'सारा आकाश' के निर्देशन से पहले बासु दा ने 1966 में रिलीज हुई राज कपूर और वहीदा रहमान स्टारर फिल्म 'तीसरी कसम' के निर्देशक बासु भट्टाचार्य के सहायक के तौर पर काम किया।

### परिचय

बासु चटर्जी का जन्म 10 जनवरी, सन 1927 को राजस्थान के अजमेर में हुआ और उन्होंने भारतीय सिनेमा में सराहनीय काम किया। मुंबई के एक अखबार में कार्टूनिस्ट और इलस्ट्रेटर का काम करने वाले बासु दा के बारे में किसने सोचा था कि वह भारतीय सिनेमा को अगली सीढ़ी पर कदम रखने में मदद करने वाले दिग्गज फिल्ममेकर साबित होंगे। राज कपूर और वहीदा रहमान की फिल्म 'तीसरी कसम' में उन्होंने बासु भट्टाचार्य को असिस्ट किया था। ये फिल्म साल 1966 में रिलीज हुई थी और इसमें बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता था। जहां तक उनके डायरेक्टोरियल डेब्यू की बात है तो उन्होंने निर्देशन के क्षेत्र में फिल्म 'सारा आकाश' से शुरूआत की थी। ये फिल्म साल 1969 में रिलीज हुई थी और इसके लिए बेस्ट स्क्रीनप्ले का फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता था।

बासु चटर्जी की फिल्मों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। उन्होंने 'पिया का घर', 'उस पार', 'चितचोर', 'स्वामी', 'खट्टा मीठा', 'प्रियतमा', 'चक्रव्यूह', 'जीना यहां', 'बातों बातों में', 'अपने प्यारे', 'शौकीन' और 'सफेद झूठ' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया था।

### प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक

आज भले ही बासु चटर्जी नहीं रहे, लेकिन वे छोड़ गए हैं ढेर सारी सदाबहार फिल्में जो आज भी ताजा हैं और लोगों का मनोरंजन कर रही हैं। वैसे टीवी पर भी अस्सी के दशक में बासु चटर्जी क्रांति लेकर आये थे सीरियल 'रजनी' के साथ। उन्होंने भारतीय टेलीविजन को दी थी टीवी की पहली गृहणी। जो था सीरियल 'रजनी' 1985 में। अभिनेत्री प्रिया तेंदुलकर ने इस किरदार से उस वक़्त खलबली मचा दी थी। इस मजेदार महिला प्रधान सीरियल्स के करीब 15 साल बाद सीरियल्स महिला प्रधान ही बनते चले गए। इसके अलावा बासु चटर्जी ने भारतीय टीवी को पहला बिना टोपी वाला जासूस भी दिया था। ये सीरियल था 1993 में आया सीरियल 'ब्योमकेश बख्शी' अभिनेता रजित कपूर ने ब्योमकेश का किरदार निभाया था।[1]

बंगला उपन्यास पर आधारित 'ब्योमकेश बख्शी' को उस वक़्त लोगों ने बहुत पसंद किया था और आज भी इस सीरियल को खूब देखा जा रहा है। इस सीरियल के दो सीजन आये, एक 1993 और एक 1997 में। 'करमचंद' जहां अस्सी के दशक का लोकप्रिय जासूसी सीरियल्स था तो नब्बे के दशक में छाया रहा 'ब्योमकेश बख्शी'। इसके अलावा टीवी पर बासु चटर्जी ने कई और लोकप्रिय सीरियल्स भी बनाये थे। जैसे 'दर्पण ' और 'कक्का जी कहिन' ।।।, दर्पण में उन्होंने विदेशी कहानियों को देसी अंदाज में दिखाया था तो 'कक्का जी कहिन ' में ओम पुरी को लेकर भारत का पहला कॉमेडी वाला नेताओं पर व्यंगात्मक शो बनाया।

# अध्यात्म और साहित्य मनन मानवीय जीवन की संवेदनशीलता’

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिस।की मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।
मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।



**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# विश्व हिन्दी दिवस

विश्व हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं।

### इतिहास

विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरूआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था। इसीलिए इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी, 2006 को प्रति वर्ष विश्व हिन्दी दिवस के रूप मनाये जाने की घोषणा की थी। उसके बाद से भारतीय विदेश मंत्रालय ने विदेश में 10 जनवरी 2006 को पहली बार विश्व हिन्दी दिवस मनाया था। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं।

### पहला विश्व हिन्दी दिवस

नार्वे में पहला विश्व हिन्दी दिवस भारतीय दूतावास ने तथा दूसरा और तीसरा विश्व हिन्दी दिवस भारतीय नावेर्जीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम के तत्वाधान में लेखक सुरेशचन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में बहुत धूमधाम से मनाया गया था। इन्दिरा गाँधी भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र के सभागार में, रविवार 10 जनवरी 2010 को, विश्व हिन्दी सचिवालय, शिक्षा, संस्कृति एवं मानव संसाधन मन्त्रालय, भारतीय उच्चायोग, इन्दिरा गाँधी भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र तथा हिन्दी संगठन के मिले-जुले सहयोग से विश्व हिन्दी दिवस 2010 मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि हंगरी के भारोपीय शिक्षा विभाग से आई हुई डॉ. मारिया नेज्यैशी थी, इस उपलक्ष्य पर विश्व हिन्दी सचिवालय की एक रचना (एक विश्व हिन्दी पत्रिका) का भी लोकार्पण गणराज्य के राष्ट्रपति माननीय सर अनिरुद्ध




जगन्नाथ जी के कर-कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर कविता-प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया, सम्मान उन सभी नवोदित कवियों का वास्तव में रहा जिनको अपनी कलात्मकता प्रेषित करने का एक मंच प्राप्त हुआ।

### हिन्दी दिवस

विश्व हिन्दी दिवस के अतिरिक्त 14 सितंबर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था तभी से 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## शराब पीना एक शराबी को पड़ा महंगा जाना पड़ा जेल।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते एक शराबी को धर दबोचा है और उसे जेल भेज दिया है देव थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने बताया कि



शराबी राजेश कुमार उम्र 34 वर्ष पिता स्वर्गीय सुरेश सिंह ग्राम देव सड़क पर देव सड़क से शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते हुए पकड़े जाने पर माननीय न्यायालय के न्यायिक हिरासत में भेजा गया '

## पिकेट फोर्स को थानाध्यक्ष ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार, संवाददाता गोह प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 9जनवरी 2023:- उपहारा थाना क्षेत्र के महदीपुर में अवस्थित पुलिस पिकेट का तबादला कर दी गई है. सोमवार नए पुलिसकर्मियों को उपहारा थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने कई दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि हर हाल में अपराध नियंत्रण से लेकर बाजार में शांति कायम रखना पहली प्राथमिकता होगी. खास कर



असमाजिक तत्वों के लोगों पर विशेष ध्यान देने की बात कही. उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष से जिस प्रकार से शांति व्यवस्था बनाने में कामयाब रहे इसी प्रकार से आगे भी जारी रखना है। गौरतलब हो कि महदीपुर औरंगाबाद-गया का सीमावर्ती क्षेत्रों के अंतर्गत आता है. साथ ही विभिन्न गांव के सैकडों लोग बाजार करने आते हैं. ऐसे में आमजनों की सुरक्षा हमारी जवाबदेही तय करती है. मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर मिश्रा, वार्ड सदस्य रूपेश चौधरी, वार्ड प्रतिनिधि मुकुन्द साव मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइक को बचाने में ऑटो डिवाइडर से जा टकराई 4 लोग हुए घायल।

दैनिक समाज जागरण ,सचिन कुमार सिंह जिला संवाददाता।

औरंगाबाद (बिहार ) 09 जनवरी 2023:- औरंगाबाद जिला मुख्यालय में एक तेज रफ्तार बाइक को बचाने के चक्कर में ऑटो खुद दुर्घटनाग्रस्त हो गया और डिवाइडर से जा टकराया। जिसमें एक मासूम समेत, चार लोग घायल हो गए। घायल की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के जम्होर गांव निवासी शंकर चौधरी एवं अन्य लोग के रूप में की गई है। सभी घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर चौधरी एवं अन्य लोग ऑटो पर सवार होकर जम्होर से औरंगाबाद बाजार आ रहे थे। औरंगाबाद शहर में प्रवेश करने के बाद अनुग्रह नारायण मेमोरियल कॉलेज के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक को बचाने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से जाकर टकरा गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए और वहीं पास में ही खड़ा एक मासूम भी उसके चपेट में आ गई । इस घटना में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल इस घटना की सूचना घायल के परिजनों को दे दी गई है।

## खलिहान में लगी आग हजारों के हुई नुकसान।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना क्षेत्र के छोटकी चिलहियावाँ गांव में आग लगने से खलिहान में रखे धान एवं पुआल जलकर हुआ राख बताया जा रहा है कि लीलावती देवी अपने खलिहान में धान दमाही कर के रखा हुआ था उसी बीच खलिहान के पुआल में अचानक आग लग गया आग को देखकर ग्रामीणों ने लोटा



एवं बाल्टी लेकर आग पर काबू पाने के लिए दौड़े लेकिन आग का लपेट इतना तेज था कि किसी को नजदीक सपने नहीं दिया और दनादन सारा पुआल एवं खलिहान में रखे धान जलकर राख हो गया।

## महिला विकास संरक्षक वीणा मानवी की अगुवाई में महिलाओं ने निकाला जागरूकता ,आक्रोश रैली

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ आनंद

गया( बिहार )9 जनवरी 2023- महिला विकास संरक्षक वीणा मानवी की अगुवाई में रविवार को महिला जागरूकता एवं आक्रोश रैली निकाली गई । यह रैली सिरम टोली स्थित होटल मैपलवुड से निकलकर सुजाता चौक, हनुमान मंदिर, फिरायालाल चौक होते हुए बरियातू प्रकाश नगर तक पहुंची। इसके उपरांत महिला विकास मंच के पदाधिकारियों ने एक सभा किया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणिमा उपस्थित थीं। वही जागरूकता एवं आक्रोश रैली में तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, दिल्ली, असम, उत्तराखंड, बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ बिहार सहित देश अन्य राज्य की महिला प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुई।वही दोषियों को फांसी दिलाने की मांग

महिला विकास मंच के संरक्षक वीणा मानवी ने करते हुए कहा कि महिला विकास मंच महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ पूरा देश में काम कर रहा है। आज आये दिन झारखंड प्रदेश में महिलाओं, बेटियों, बहनों पर काफी जुल्म किए जा रहे है। हाल ही में अंकिता हत्याकांड, पल्लवी कुमारी, श्रद्धा कुमारी आदि के साथ जघन्य घटनाएं घटी, लेकिन



सरकार दोषियों को भोजन करा रही है। आज पूरे देश के विभिन्न राज्य की महिलाऐं सड़क पर उतर कर दोषियों को फांसी दिलाने की मांग कर रही है।

भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरीहै

राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणिमा ने कहा कि झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार काफी बढ़ गया है।खुलेआम सरकारी काम को लेकर पैसा मांगते हैं। इस अंकुश लगाने के लिए महिला विकास मंच आंदोलित है। आगे भी एक योजना के तहत सड़क पर आंदोलन करेगा, जिससे झारखंड राज्य का विकास तीव्र गति से हो सके। उन्होंने आगे कहा कि हमारा परिवार घरेलू हिंसा मुक्त होमहिला विकास मंच का मुख्य उद्देश्य है कि हमारा परिवार घरेलू हिंसा मुक्त हो, एक अगाज, एक आवाज के तहत महिला एवं पुरुष पर हो रहे अत्याचार को लेकर विभिन्न राज्य में हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं जिससे ताकि घरेलू हिंसा, छेडखानी, मानसिक प्रताड़ना, ब्लैकमेल, शारीरिक शोषण न हो , प्रशासनिक मदद मिल सके। साथ ही युवा पीढ़ी के लिंविंग रिलेशनशिप से बचने जैसे मुद्दे पर कार्य किए जाएंगे।इस रैली में मुख्य रूप से संगठन के चेयरमैन पीके चौधरी, अध्यक्ष रूपिमा, उपाध्यक्ष महिमा खातून, सचिव पंकज सिंह चौहान,राष्ट्रीय प्रवक्ता उषा सिन्हा सहित सैकड़ों महिला सहित पुरे भारत से आई महिला शामिल थीं।

## पथ प्रदर्शक के तत्वधान में कुटुंबा प्रखंड के चकुआ में लगाया गया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर ,102 मरीजों को किया गया जांच

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, प्रभारी मगध प्रमंडल सह ब्यूरो चीफ ,औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार)-9 जनवरी 2023 :- पथ प्रदर्शक,स्वयं सेवी संस्था औरंगाबाद द्वारा नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के सौजन्य से सोमवार को औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा प्रखण्ड अंतर्गत जगदीशपुर पंचायत के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चकुआ में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन चकुआ के वरिष्ट नागरिक देवधारी सिंह, एनएमसीएच की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सना प्रवीण, पथ प्रदर्शक के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह, एएनएम सुषमा कुमारी,सीमा कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में 102 मरीजों का नेत्र जांच किया गया जिसमे 18 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।18 जनवरी को मरीजों को ऑपरेशन के लिए नारायण मेडिकल



कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार ले जाया जाएगा और निःशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन कर लेंस लगाया जाएगा।मरीज के रहने,खाने की व्यवस्था भी मुफ्त रहेगी।पथ प्रदर्शक के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अब गांव में भी बीमारी की स्थिति गंभीर होती जा रही है।उच्च रक्तचाप और रक्त शर्करा एक तरह से महामारी का रूप ले रही है।नेत्र जांच किए 102 मरीजों में लगभग 60 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन लायक था परंतु हाई ब्लड प्रेशर और शुगर की वजह से मात्र 18 मरीजों का ही ऑपरेशन के लिए चयन किया गया और शेष मरीजों को चिकित्सकीय सलाह लेकर बीपी और शुगर को नियंत्रित करने की सलाह दी गई।सामान्य होने पर ही उनका ऑपरेशन किया जायेगा। बमेंद्र ने बताया कि पथ प्रदर्शक द्वारा अभियान चला कर ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच कराई जाएगी।शिविर में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार सिंह का सराहनीय सहयोग रहा।

## खलिहान में आग लगने से हजारों के जले पुआल।

दैनिक समाज जागरण, सत्यदेव सिंह, संवाददाता हसपुरा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार )9 जनवरी 2023:-हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ पंचायत अंतर्गत पहरपुरा गांव स्थित किसान के खलिहान में आग लगने से हजारों की नुकसान होने की खबर है। बताया जाता है कि रविवार की देर शाम वीरेन्द्र मिस्त्री के खलिहान में अचानक आग की लप्टें निकलने लगी। ग्रामीणों को कुछ समझने में देर लगी तब तक आग विकराल रूप धारण कर लिया। देखते-देखते लगभग पांच बीघा खेती की पुआल जलकर राख हो गया। आग बुझाने



के लिए ग्रामीणों की सुचना पर दमकल आया तब तक पुरा पुआल जल चुका था। हालाकि दमकल आने से आसपास के खलिहान में आग फैलने से बचाव किया गया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश सिंह, सरपंच प्रतिनिधि पिंटू शर्मा,वार्ड सदस्य उदय यादव, गुड्डु पासवान,रामचंद्र राम, सुरेंद्र मिस्त्री ने आपदा राहत कोष से पिड़ित किसान को सहायता दिए जाने की मांग किया है। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि अमझरशरीफ पंचायत में शुक्रवार को बालाविगहा में खलिहान में आगलगी की घटना हुई थी जिसमें धान व पुआल पुरी तरह जल गया था लेकिन सरकारी सहायता किसी तरह का नहीं मिला। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मेहनतकश किसानों के साथ परेशानी बढ़ी है।

## लंबित मांगों की पूर्ति के लिए आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने धरना व प्रदर्शन किया।

दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड ,

औरंगाबाद (बिहार) 9 दिसंबर 2023 :- बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वाहन पर बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ ने लंबित मांगों की पूर्ति के लिए सोमवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सेविका सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू कुमारी तथा संचालन प्रखंड सचिव प्रियंका कुमारी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार सेविका और सहायिका को जो मानदेय देती है वह एक दैनिक मजदूर की मजदूरी से भी कम है। हमारी मांग है कि सेविका सहायिका की सेवा नियमित करते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। आई सी डी एस के किसी भी प्रकार के निजीकरण पर रोक लगाएं और आवंटन में कटौती नहीं किया जाए। ग्रेच्युटी , पेंशन, एक्स ग्रेशिया सहित सभी सामाजिक सुरक्षा का लाभ दे और नई शिक्षा नीति को समाप्त किया जाए। सरकारी कार्य के निष्पादन के लिए अविलंब मोबाइल मुहैया कराई जाए। सेविका का मानदेय 26000 रुपए तथा सहायिका का 18000 रुपए की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो 18 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में विधानसभा का घेराव एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, राज्य महामंत्री मीना कुमारी, रूबी कुमारी, राधिका देवी, संयुक्त मंत्री सोनी कुमारी, उपाध्यक्ष रूबी कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रेमशिला कुमारी, गीता कुमारी, शीला देवी, लीला कुमारी, उषा कुमारी, अनिता कुमारी, हसीना खातून, उर्मिला देवी , सुमित्रा कुमारी, सलमा खातून, कलावती देवी सहित सैकड़ों सेविका सहायिका उपस्थित थीं।

आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने लंबित मांगों की पूर्ति के लिए धरना व प्रदर्शन किया।

दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड ,

औरंगाबाद (बिहार) 9 दिसंबर 2023 :- बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वाहन पर बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ ने लंबित मांगों की पूर्ति के लिए सोमवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सेविका सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू कुमारी तथा संचालन प्रखंड सचिव प्रियंका कुमारी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार सेविका और सहायिका को जो मानदेय देती है वह एक दैनिक मजदूर की मजदूरी से भी कम है। हमारी मांग है कि सेविका सहायिका की सेवा नियमित करते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। आई सी डी एस के किसी भी प्रकार के निजीकरण पर रोक लगाएं और आवंटन में कटौती नहीं किया जाए। ग्रेच्युटी , पेंशन, एक्स ग्रेशिया सहित सभी सामाजिक सुरक्षा का लाभ दे और नई शिक्षा नीति को समाप्त किया जाए। सरकारी कार्य के निष्पादन के लिए अविलंब मोबाइल मुहैया कराई जाए। सेविका का मानदेय 26000 रुपए तथा सहायिका का 18000 रुपए की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो 18 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में विधानसभा का घेराव एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, राज्य महामंत्री मीना कुमारी, रूबी कुमारी, राधिका देवी, संयुक्त मंत्री सोनी कुमारी, उपाध्यक्ष



रूबी कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रेमशिला कुमारी, गीता कुमारी, शीला देवी, लीला कुमारी, उषा कुमारी, अनिता कुमारी, हसीना खातून, उर्मिला देवी , सुमित्रा कुमारी, सलमा खातून, कलावती देवी सहित सैकड़ों सेविका सहायिका उपस्थित थीं।

आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने लंबित मांगों की पूर्ति के लिए धरना व प्रदर्शन किया।

दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड ,

औरंगाबाद (बिहार) 9 दिसंबर 2023 :- बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वाहन पर बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ ने लंबित मांगों की पूर्ति के लिए सोमवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सेविका सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू कुमारी तथा संचालन प्रखंड सचिव प्रियंका कुमारी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार सेविका और सहायिका को जो मानदेय देती है वह एक दैनिक मजदूर की मजदूरी से भी कम है। हमारी मांग है कि सेविका सहायिका की सेवा नियमित करते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। आई सी डी एस के किसी भी प्रकार के निजीकरण पर रोक लगाएं और आवंटन में कटौती नहीं किया जाए। ग्रेच्युटी , पेंशन, एक्स ग्रेशिया सहित सभी सामाजिक सुरक्षा का लाभ दे और नई शिक्षा नीति को समाप्त किया जाए। सरकारी कार्य के निष्पादन के लिए अविलंब मोबाइल मुहैया कराई जाए। सेविका का मानदेय 26000 रुपए तथा सहायिका का 18000 रुपए की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो 18 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में विधानसभा का घेराव एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, राज्य महामंत्री मीना कुमारी, रूबी कुमारी, राधिका देवी, संयुक्त मंत्री सोनी कुमारी, उपाध्यक्ष रूबी कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रेमशिला कुमारी, गीता कुमारी, शीला देवी, लीला कुमारी, उषा कुमारी, अनिता कुमारी, हसीना खातून, उर्मिला देवी , सुमित्रा कुमारी, सलमा खातून, कलावती देवी सहित सैकड़ों सेविका सहायिका उपस्थित थीं।

आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने लंबित मांगों की पूर्ति के लिए धरना व प्रदर्शन किया।

दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड ,

औरंगाबाद (बिहार) 9 दिसंबर 2023 :- बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वाहन पर बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ ने लंबित मांगों की पूर्ति के लिए सोमवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सेविका सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू कुमारी तथा संचालन प्रखंड सचिव प्रियंका कुमारी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार सेविका और सहायिका को जो मानदेय देती है वह एक दैनिक मजदूर की मजदूरी से भी कम है। हमारी मांग है कि सेविका सहायिका की सेवा नियमित करते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। आई सी डी एस के किसी भी प्रकार के निजीकरण पर रोक लगाएं और आवंटन में कटौती नहीं किया जाए। ग्रेच्युटी , पेंशन, एक्स ग्रेशिया सहित सभी सामाजिक सुरक्षा का लाभ दे और नई शिक्षा नीति को समाप्त किया जाए। सरकारी कार्य के निष्पादन के लिए अविलंब मोबाइल मुहैया कराई जाए। सेविका का मानदेय 26000 रुपए तथा सहायिका का 18000 रुपए की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो 18 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में विधानसभा का घेराव एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, राज्य महामंत्री मीना कुमारी, रूबी कुमारी, राधिका देवी, संयुक्त मंत्री सोनी कुमारी, उपाध्यक्ष रूबी कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रेमशिला कुमारी, गीता कुमारी, शीला देवी, लीला कुमारी, उषा कुमारी, अनिता कुमारी, हसीना खातून, उर्मिला देवी , सुमित्रा कुमारी, सलमा खातून, कलावती देवी सहित सैकड़ों सेविका सहायिका उपस्थित थीं।

## विप्र फाउंडेशन सिमडेगा शाखा का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम हुआ संपन्न- प्रदीप शर्मा

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ आनंद

गया (बिहार )- 9 जनवरी 2023 विप्र फाउंडेशन सिमडेगा शाखा के तत्वधान में मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन माँ नवदुर्गा करसई मन्दिर के परिसर मे जिला अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में किया गया ' तथा संचालन विप्र फाउंडेशन के राजेश शर्मा ने किया , वही धन्यवाद ज्ञापन सिमडेगा जिला महासचिव प्रदीप शर्मा ने की, मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रदेश प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा एवं विशिष्ठअतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जे पी शर्मा सी ऐ , उपाध्यक्ष श्याम लाल शर्मा, प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय दधीच एवं ओम प्रकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण तथा मा दूर्गा कि आरती के साथ माता को चुनरी चढाकर किया, वही सभी अतिथियों को मंचाशीन कर अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मान




किया गया ' तथा मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम शर्मा, ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान मे अनेकानेक कार्यक्रम चल रहे है, जैसे मेधावी छात्रो को व्याज रहीत लोन मुख्य रूप से है, अरूणाचल प्रदेश के लोह नदी के तट पर भगवान परशुराम जी का 51' एकावन फुट का अष्ट धातु के द्वारा मुर्ति का निर्माण 51 करोड कि लागत से युद्ध स्तर पर चल रहा है , परशुराम महाकुंभ आमंत्रण रथ संपूर्ण भारत वर्ष मे चलाया जा रहा है , वहीं दूसरी तरफ प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा एवं राजनीतिक के क्षेत्र में आगे आने की आवश्यकता है ' गांव के जरूरत मन्दो के बीच कम्बल का भी वितरण किया गया , बैठक के दौरान उपस्थित होने वालों में सुरेश शर्मा,गोकुल शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, रघु शर्मा, अशोक शर्मा, बजरंग शर्मा, मुना शर्मा, रामप्रताप शर्मा, ओम प्रकाश अग्रवाल, गोपाल शर्मा, शिव शर्मा, कालू शर्मा, लक्ष्म शर्मा, रामनिवास शर्मा, अरुणा शर्मा श्वेता शर्मा का नाम शामिल है '

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स मलखम खिलाड़ी को शुभकामनाओं के साथ बीडीओ ने किया विदा

**दैनिक समाज जागरण,** विजय कुमार सिंह संवाददाता, कुटुंबा प्रखंड ,औरंगाबाद ( बिहार ) 9 दिसंबर 2023 :- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राज्य स्तर पर चयनित मलखम खिलाड़ी को बीडीओ चंद्र भूषण गुप्ता ने शुभकामनाओं के साथ सोमवार को विदा किया। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे प्रखंड व औरंगाबाद जिला के लिए गौरव का विषय है। जिले के युवाओं ने अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा साबित की है हमारी यही कामना है कि विवेक कुमार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मलखम प्रतियोगिता में परचम लहराए और अपने प्रदेश व देश का नाम रौशन करे।

विदित हो कि मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन होना है। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में बिहार राज्य से मलखम का नेतृत्व करने के लिए चार



खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत गंगहर गांव निवासी विजय कुमार सिंह के पुत्र विवेक कुमार का भी चयन हुआ है। अपर पुलिस महानिदेशक, एटीएस बिहार राज्य खेल प्राधिकरण रविंद्र शंकरन ने बताया कि मलखम एसोसिएशन बिहार चयनित खिलाड़ियों को दस जनवरी से 31 जनवरी तक कंकड़बाग में कैंप लगाकर मलखम के गुर सिखाएगी। 4 फरवरी से 6 फरवरी तक चलने वाले खेलो इंडिया गेम्स का लाइव प्रसारण दूरदर्शन के स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा।बिहार मलखम सेक्रेटरी प्रवीण कुमार मिश्रा एवं औरंगाबाद जिला के मलखम सचिव योगेंद्र भूषण मिश्रा नें खुशी जाहिर करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए उम्मीद है की बिहार मलखम प्रतियोगिता में मेडल लाएगा।

## सेविका सहायिका ने देव प्रखंड कार्यालय के बाहर दीया एक दिवसीय धरना।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड कार्यालय के बाहर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के द्वारा 8 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। सहायिका संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंजू कुमारी ने बताया कि हम लोगों को सरकार से 8 सूत्री मांगे इस प्रकार है कि सेविका सहायिका की सेवा नियमित करते हुए सेविका को 26 हजार एवं सहायिका को 18 हजार वेतन दिया जाए,आई सी डी एस को किसी भी प्रकार के निजी करण पर रोक लगाई जाए, सेविका सहायिका को ग्रेच्युटी पेंशन एक्स ग्रेसिया सहित सभी सामाजिक सुरक्षा लाभ दिया जाए, नई शिक्षा नीति पोषण ट्रैकर ऐप डिजिटल हेल्थ मिशन एवं चारों लेबर कोड को अभिलंब रद्द किया जाए, नई



मोबाइल की अभिलंब व्यवस्था की जाए, सेविका सहायिका के चयन मुक्ति पर अविलंब रोक लगाई जाए, सेविका सहायिका के मरणोपरांत उनके आश्रितों को नौकरी दिया जाए, आई सी डी एस में आवंटन की कटौती न की जाए एवं अन्य मांगों की पूर्ति की जाए। धरना में शामिल रीता देवी, पान पत्ती कुमारी, शर्मिला कुमारी, चंद्रावती देवी, नागो कुंवर, रंभा वती देवी, लाल मुन्नी देवी, शो मी का कुमारी, दुलारी देवी, किरण कुमारी, नेहा कुमारी, अनु देवी, सरोज देवी, शकुंतला देवी, रीता देवी, राजकुमारी देवी, सुनीता देवी, विमला देवी, पार्वती देवी, ने बिहार सरकार से गुहार लगाई है कि श्रीमान से अनुरोध है कि मेरी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए पूर्ति करने की कृपा की जाए।

## बिहार में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी, रविवार को 4 डिग्री के आसपास रहा पारा।

### कड़ाके की ठंड से गरीबों के हिले होठ और कांपें बदन, फिर भी असहाय लोगों के नाम पर जारी है लूट।

समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता./ धनंजय कुमार विधि संवाददाता,

औरंगाबाद (बिहार ) 09 जनवरी 2023 :- साल का सबसे ठंडा दिन रविवार रहा, कड़ाके की ठंड में गरीबों के हिलते होठ और कापते बदन देखने को मिला। जिला प्रशासन के द्वारा अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं देखी गई । कहीं दवाईव मिठाई का डब्बे (जो कूट की बनी हुई डब्बे थी) जलाई जा रही थी तो कहीं 2 से 4 लकड़ी पड़े हुए थे। ठंढ़ का ऐसा सितम रहा कि सोमवार को मौसम विभाग को ऑरेंज अलर्ट और मंगलवार के लिए ऐलो अलर्ट जारी करना पड़ा । मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण बिहार में



शीतलहर चलेगी, वहीं उत्तरी बिहार में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। ठंड की तीव्रता का विभाजन कल से एकदम साफ हो जाएगा,पश्चिमी विलोम हिमाचल से गुजर चुके हैं । राजस्थान की ओर से आ रही पछुआ हवा बिहार में और शक्तिशाली हो गई है जिसके वजह से हाड़कपाने वाली ठंड का दौर अभी चालू रहेगा । बिहार में सबसे कम सामान्य से 6 डिग्री नीचे 2 डिग्री दर्ज किया गया हालांकि अधिकतम तापमान सामान से केवल 2 डिग्री कम यानी 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है । यानी बेशक मौजूदा स्थिति में खतरा नहीं है लेकिन कभी भी मौसम खतरनाक स्थिति में आपके सामने आ सकती है इसलिए आप सदा तैयार रहे हैं ।

## गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच भारतीय युवा मंच ने दी कंबल

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता सत्यदेव सिंह, हसपुरा औरंगाबाद

हसपुरा -- प्रखंड मुख्यालय जल स्थित गौतम बुद्ध नगर भवन में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय यादव ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन मंच के अध्यक्ष शाहवाज मिन्हाज ने किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार, उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष संजीत शर्मा , लोजपा नेता चिंटू मिश्रा आदि ने संयुक्त रूप से किया।

तत्पश्चात आगत अतिथियों को मंच की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भारतीय युवा मंच के वैसे जवानों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने समय समय पर अपना ब्लड देकर लोगों की जान बचाई थी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभय कुमार ने कहा कि भारतीय युवा मंच ने गरीब व असहायों के बीच कंबल वितरण कर एक मिशाल कायम किया है। साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद'अचल'ने कहा कि आज जहां समाज में युवाओं में काफी भटकाव



देखा जा रहा है, वहां भारतीय युवा मंच ने लोगों से सहयोग लेकर जो कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण कर सराहनीय कार्य किया है।

जिप प्रतिनिधि मो.एकलाक खां, थानाध्यक्ष नरेन्द्र प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, ,डा.अरविंद कुमार उर्फ साधु जी, अरविंद कुमार वर्मा , श्रीकांत प्रसाद, साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी,भोला कुरैशी , वीरेन्द्र कुमार,सिद्धी कुमारी पाठक , अमीत चन्द्रबंशी, कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय युवा मंच के सुशील कुशवाहा, ज्ञानरंजन, दीपक कुमार,सिन्टू कुमार, जय प्रकाश,चांद खान,विवेक,अनीष, अंकित, आदित्य, विकास, मंटु,सोनम ,सागर कुमार की भूमिका काफी सराहनीय रही।

# जमीनी विवाद में जमकर चले लाठी डंडे और धारदार हथियार,बुजुर्ग की हत्या

-फेफना थाना क्षेत्र का मामला
-मौके पर ही हुई 70 वर्षीय गोपाल राम की मौत, मौके पर पुलिस तैनात

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



बलिया : फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव की दलित बस्ती में सोमवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले। घटना में मौके पर ही एक बुजुर्ग की मौत हो गयी।

जानकारी के मुताबिक दलित बस्ती के दो पक्षों में जमीनी विवाद काफी दिनों से चल रहा था। सोमवार की सुबह एक पक्ष विवादित जमीन पर काम करना शुरू किया तो दूसरे पक्ष ने रोका। फिर क्या था दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते लाठी डण्डे और धारदार हथियार चलने लगे। इसमे एक पक्ष के गोपाल राम (70) पुत्र स्व. त्रिवेणी राम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी बहू गौतमी देवी (50) पत्नी सुरेश राम तथा नाती चंदन राम (22) पुत्र सुरेश राम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मृतक का एकलौता पुत्र सुरेश राम लुधियाना में काम करता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिये भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक गोपाल राम एवं बिकाऊ राम के बीच काफी दिनों से जमीन विवाद चल रहा था। मृतक के नाती मोतीराम की तहरीर पर पुलिस ने चार महिला व तीन पुरुषों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# भृगु की नगरी ने लिया सन 2025 तक क्षय रोग जड़ से खत्म करने का संकल्प

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

-स्वस्थ्य समाज की अवधारणा
-रोगियों को लिया गया गोद, राज्यपाल बनी इसकी गवाह
-महामहिम ने सभी रोगियों को भेंट किया पोषण पोटली

बलिया : क्षय रोग से जूझ रहे रोगियों के लिए



सोमवार का दिन काफी मायने में शुभ रहा। रोगियों को लोगों ने जहां राज्यपाल के समक्ष गोद लिया वहीं 2025 तक क्षय रोग को जड़ से समाप्त करने का संकल्प भृगु वंशजों ने लिया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रोगियों को पोषण पोटली भेंट किया।

पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर जनपद के टीबी मरीजों को गोद लेने का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी /रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ० आनंद कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा टीबी को सन् 2025 तक जड़ से खत्म करने का संकल्प है। बलियावासियों ने भी इस संकल्प को दोहराया। डाक्टर ने कहा इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए है। उसी क्रम में निजी संस्थान, सामाजिक कार्यकताओं एवं अधिकारियों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लिया जा रहा है। जिसके माध्यम से गोद लिए हुए व्यक्ति को पोषण, उपचार और अन्य सहायता लाभार्थी को दी जाती है। डॉ आनंद कुमार ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा अब तक वित्तीय वर्ष 2022 में 274 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा टीबी के मरीजों को गोद लिए जाने का अभियान 24 मार्च 2022 से चलाया जा रहा है। उसी के क्रम में आज नये मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों एवं रेड क्रास सोसायटी बलिया द्वारा 15 क्षय रोगियों को गोद लिया गया है।

व्यापार मंडल द्वारा 10 एवं रेड क्रास सोसायटी बलिया द्वारा 05 क्षय रोगियों को गोद लिया गया है।

इस क्रम में राज्यपाल /अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रास सोसायटी उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल द्वारा गोद लिए गए मरीजों को फल की टोकरी तथा गोद लिए गए लोगों द्वारा पोषण पोटली क्षय रोगियों को दी गई।

उन्होंने बताया कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सभी एकजुट होकर साथ आगे आयें चाहे अधिकारी हों, कर्मचारी हों, व्यापारी हों, सामाजिक संगठन या सामाजिक कार्यकर्ता, क्योंकि जब सभी का सहयोग मिलेगा, तभी हमारा यह नारा ह्यटीबी हारेगा देश जीतेगाह्व सफल होगा। उन्होंने गोद लेने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा गोद लेने वाले सभी 15 लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र लेने वालों में शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, सरदार सुरेन्द्र सिंह खालसा, डॉ पंकज ओझा, सरदार जितेन्द्र सिंह, शशिकांत ओझा, रजनीकांत सिंह, सौरभ अग्रवाल आदि लोग रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ जयंत कुमार सीडीओ प्रवीण वर्मा, उप जिलाधिकारी सीमा पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी विभागों के अधिकारीगण, टीबी विभाग एवं रेड क्रास से कुमार अभिषेक, नंदिनी सिंह, एमओटीसीएम शत्रुघ्न पांडेय, जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष सिंह, पीपीएम विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, एसटीएस अवनीश चतुर्वेदी, संजीत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिश कर रही सरकार : कान्हजी

## कहा सपा के सोशल मीडिया हैंडलर की गिरफ्तारी है इसका प्रमाण

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



बलिया : समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल ट्विटर हैंडल के आपरेटर मनीष जगन अग्रवाल की गिरफ्तारी पर जिले के प्रति नेताओं में आक्रोश है। सपा जिला प्रवक्ता सुशील कुमार पांडेय कान्हजी ने इसे विपक्ष की आवाज दबाने की साज़िश करार दिया है।

सोमवार को जारी अपने बयान में कान्हजी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनहित के सवालों और जनसरोकारों से कोसों दूर है। ऐसे में जब कोई इन बिंदुओं पर सवाल करता है तो पुलिस के बल पर उसकी आवाज को दबाया जा रहा है। सामाजवादी पार्टी मीडिया सेल ट्वीटर संचालक मनीष जगन अग्रवाल की गिरफ्तारी विपक्ष की आवाज को दबाने की ही कोशिश है। कान्हजी ने कहा कि सरकार जनहित के सवाल पर सिर्फ अखबारों में विज्ञापन दिखा रही। जमीन पर कुछ नहीं दिखता। झूठी घोषणाओं में माहिर सरकार के मंत्री खुद को मजबूत बनाने में व्यस्त हैं। सपा प्रवक्ता ने पार्टी मुखिया अखिलेश यादव द्वारा मनीष अग्रवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ लखनऊ में पुलिस मुख्यालय तक जाने की सराहना करते हुए कहा कि नेतृत्व द्वारा एक कार्यकर्ता के सम्मान के लिए सड़क पर उतरना स्वागत योग्य है। इससे सपा कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा और वर्तमान जनविरोधी सरकार के खिलाफ उनकी आवाज में धार आएगी। कान्हजी पांडेय ने मनीष जगह अग्रवाल की शीघ्र रिहाई की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना में बुझ गया घर का इकलौता चिराग, एक गंभीर रूप से घायल

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



फाइल फोटो

बलिया : रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के महराजपुर गांव के निकट सोमवार को सड़क दुर्घटना में मां-बाप का इकलौता चिराग बुझ गया। वहीं उसका मित्र गम्भीर से घायल हो गया। जिसे स्थानीय स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां स्थिति गंभीर देख घायल को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार कमतैला गांव निवासी अंकित कुशवाहा (16) व उसका मित्र महराजपुर गांव निवासी राजीव चौहान (16) बाइक से रसड़ा जा रहे थे । बाइक अंकित चला रहा था। दोपहर लगभग 12 बजे महराजपुर गांव के निकट पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमे अंकित की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि इसका मित्र राजीव गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर उपचार के बाद उसकी हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए मऊ ले गए। घटना के बाद भाग रहे चालक डेहरी निवासी उमाशंकर राजभर को पिकअप सहित पकड़कर पुलिस के सिपुर्द कर दिया गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रोते-रोत बुरा हाल हो गया।

# नगर पंचायत प्रशासन सिर्फ कागजों में कर रहा गरीबों की मदद

**समाज जागरण**

बलिया : एक सप्ताह से लगातार बढ़ रही भीषण ठंड से नगर के गरीब तपके के लोगों को भोजन के भी लाले पड़ने लगे हैं। ठंड के कारण कोई मजदूरों को काम भी नहीं मिल रहा है। रास्ते चलते लोगों को कहीं अलाव जलते नहीं दिख रहा है जिससे कुछ ठंड से राहत मिले।



सुत्रो द्वारा पता चला है कि नगरपंचायत प्रशासन द्वारा तीन हजार कम्बल सप्लाई के लिए आनलाईन टेंडर भी किया गया है। परन्तु इस भीषण ठंड में आज तक वितरण नहीं किया गया। दिखावे के लिए एक दिन कुछ जगहों पर अलाव जलाकर फोटो भी नगर पंचायत प्रशासन द्वारा खिचवाए गए। नगर पंचायत के गरीब लोगों द्वारा तत्काल कम्बल वितरण व अलाव जलाने की मांग की गई है। इस मामले में जब ईओ अनिल कुमार से बात करना चाहा तो उनका फोन बंद बता था। वहीं नगरपंचायत कार्यालय में अलाव तो जल रहा था लेकिन जलती आग को सेंकने वाला कोई था ही नहीं कुसी खाली थी। कुर्सियां ही आग का आनंद ले रही हैं।

# सरकार की सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना जिम्मेदारी : उपेन्द्र तिवारी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुथ स्तर से सेक्टर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सोमवार को पूर्वमंत्री उपेन्द्र तिवारी ने विधानसभा के चितबड़ागांव मंडल के शक्ति केंद्र बीबीपुर के 5 बूथ के कार्यकताओं के साथ चर्चा किया।



काली मंदिर बीबीपुर में बैठक कर संगठन के विस्तार पर चर्चा किया तथा केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोती चन्द्र गुप्ता, परमात्मा नन्द पान्डेय, सवार्नंद तिवारी, अमरजीत सिंह, रोहित उपाध्याय, अजय तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कुलाधिपति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ चन्द्रशेखर विवि का चौथा दीक्षांत समारोह

## संपन्न हुआ भव्य आयोजन 34 विद्यार्थियों को दिये गोल्ड मेडल, 25220 को दी गयी उपाधि

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**




बलिया : जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षान्त समारोह सोमवार को कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस समारोह में कुल 25220 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी गयी, जिसमें 22421 स्नातक स्तर के तथा 2799 स्नातकोत्तर स्तर से विद्यार्थी सम्मिलित हैं। इसके अलावा 34 मेधावियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिसमें 28 छात्राएं व 6 छात्र हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इसरो के मानद प्रोफेसर पद्मश्री वाईएस राजन व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय सम्मिलित हुए।

राज्यपाल ने समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा दीक्षांत समारोह शैक्षणिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। यह खुशी की बात है कि यह विश्वविद्यालय बलिया जनपद की सांस्कृतिक विरासतों को खोजने, उन्हें खोजने व संरक्षित रखने की दिशा में काम कर रहा है। गोल्ड मेडलिस्ट में छात्राओं की संख्या 80 फीसदी होने पर हर्ष जताया। साथ ही छात्रों को भी कड़ी मेहनत करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह दौर विज्ञान और तकनीकी का है, लिहाला हमें इसके साथ कदमताल को तैयार रहना होगा। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प इसी दिशा में बढ़ाया गया सार्थक कदम है। समस्त विद्यार्थियों के लिए अपने पैरों पर खड़े होने के संकल्प का भी है। भौतिक विकास के साथ ऊंचे जीवन मूल्यों के संरक्षण पर उन्होंने विशेष जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि स्टार्टअप इण्डिया, स्टैण्डअप इण्डिया, पीएम स्कॉलरशिप जैसे कार्यक्रम उद्यमशील युवाओं के लिए नई सम्भावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने बलिया जनपद की मिट्टी से जुड़े ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को ह्यलिविंग लिजेंड्स ऑफ बलियाह्व फोरम से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ओडीओपी के अन्तर्गत विश्वविद्यालय सिन्होरा व बिन्दी उद्योग में तकनीकी सहयोग दे रहा है।

### स्वास्थ्य सही रखना है तो मोटा अनाज खाएं

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हम सबका सेहतमंद रहना सबसे जरूरी है। इसलिए स्वास्थ्य सही रखना है तो मोटा अनाज खाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी वर्ष 2023 को ह्यमिलेट ईयरह्य, यानि ह्यमोटा अनाज वर्षह्य घोषित किया है। पहले हमारे देश में 40 प्रतिशत मोटा अनाज का उत्पादन होता था, परन्तु आज विलुप्त होने के कगार पर है। हमें फिर मोटे अनाज की पैदावार व उसका अधिकाधिक प्रयोग करना ही होगा। तमाम गंभीर रोगों से निजात दिलाने में मोटा अनाज मदद करता है।

### शिखर सम्मेलन भारत में होना गर्व की बात

राज्यपाल ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन इस वर्ष भारत के नेतृत्व में होने जा रहा है। भारत ही सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। प्रदेश के भी चार शहरों में कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि यह अनुसंधान की सदी है और इस सदी में बहुत कुछ करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी के कंधों पर है।

### योग को जरूर अपनाएं

राज्यपाल ने कहा, टाटा कैंसर रिसर्च सेंटर द्वारा यह शोध किया गया है कि योग के माध्यम से ब्रेस्ट कैंसर ठीक हो गया। योग के माध्यम से अन्य कई गंभीर रोगों से निजात पा सकते हैं। योग अत्यंतत ही शक्तिशाली है, लिहाजा हम सब योग को जरूर अपनाएं।

### परिषदीय विद्यालय के बच्चों को दुलारा, दिए उपहार

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जननायक विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में ही परिषदीय विद्यालय के बच्चों से भी मिली। बच्चों को खुब दुलारा तथा उनको बैग व अन्य पढ़ाई-लिखाई से सम्बन्धित उपहार भेंट की। बच्चों ने भी अपनी ओर से नये वर्ष के अवसर पर ग्रिटिंग




कार्ड, पेंटिंग आदि दिये, जिसे पाकर राज्यपाल काफी प्रफुल्लित हुईं। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में ही बच्चे जो देखते हैं, वह सीखते हैं। यहां से बच्चे घर जाएंगे तो एक सकारात्मक विचार लेकर जाएंगे। यहां का चित्रण अपने घर व पासपड़ोस में करेंगे, जिससे अन्य बच्चों ने प्रेरणा का भार पैदा होगा। राज्यपाल से मिलने वालों में प्रावि बरवां के छात्र धनजी, प्रावि गांधीनगर की नन्दिनी, सर्व शक्ति, ऋतु पटेल, मुन्नी व विराट यादव, उच्च प्रावि गांधीनगर की करीना व सौरभ, कम्पोजिट विद्यालय सुखपुरा के खुश्बू, प्रतिमा, रिया, प्रियांशु सिंह व दिव्या भारती, प्रवि बोड़िया की छात्रा ज्योति राजभर, प्रावि मिश्रौलिया की सुप्रिया, माही व सौरभ कुमार, कम्पोजिट विद्यालय कैथवली की शिवांगी पटेल, सिद्धार्थ सिंह, मोनिका शुक्ला, पूर्णिमा, विराज व प्रिंस कुमार, प्रावि बांसपाली के साधना व मनीष चौहान, कम्पोजिट विद्यालय बेरूआरबारी की कृति, रिजवान, नितेश, प्रमोद व मुर्तजा अंसारी शामिल थे।

### एब्यूज, डिस्यूज व मिस्यूजह्य से बचें, क्षितिज से भी आगे की सोचें: प्रो. राजन

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि इसरो के मानद प्रोफेसर वाईएस राजन ने विभिन्न विषय वर्ग के विद्यार्थियों को उनके क्षेत्र से सम्बन्धित सफलता की सम्भावनाओं के कई मंत्र दिए।

कहा कि सफल होने के सबसे जरूरी है, जीवन, शरीर व मन को स्वस्थ एवं स्वच्छ रखना। उन्होंने तीन शब्द ह्यएब्यूज, डिस्यूज व मिस्यूजह्य यानि दुर्व्यवहार, अनुपयोग व दुरूपयोग से बचने की सलाह दी। इन तीनों शब्दों को तमाम उदाहरण सहित विस्तार से समझाया। कहा कि स्वस्थ शरीर व मन से ही आप अपने पेशेवर जीवन में उपलब्धि पा सकते हैं। प्रो. राजन ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आपको क्षितिज से भी आगे की सोचना होगा। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने के कई टिप्स दिये।




मेरूदंड को हमेशा सीधा रखने की सलाह दी। खाने या मोबाइल चलाने के दौरान अत्यधिक झुके रहने से गंभीर परिस्थिति पैदा हो सकती है। खाने-पीने, सोने व आराम करने में संयम का होना जरूरी है। प्रो. राजन ने कहा कि काफी लोग सरकरी नौकरी ही चाहते हैं, पर सरकारी नौकरियां सीमित है। अब भी भारत में अधिकतर रोजगार असंगठित क्षेत्रों से है, जैसे-स्वव्यवसाय, दुकानदार, कार्मिक आदि। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अंग्रेजी का साधारण ज्ञान तथा कम्प्यूटर चलाने की सामान्य जानकारी अत्यंत आवश्यक है। पर्यटन, होटल प्रबंधन, कृषि, सुरक्षा, अवसंरचना, स्वास्थ्य आपूर्ति क्षेत्र के विभिन्न पक्ष, खुदरा नेटवर्क, मनोरंजन क्षेत्र, टीवी, सिनेमा, संगीत, आदि कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां कौशलयुक्त व्यक्तियों की मांग है। बैंकिंग क्षेत्र, सीए के सहयोगी के रूप में, लघु मध्यम उद्योगों के लिए लेखा धारण, जीएसटी से सम्बन्धित सहयोगी के रूप में कार्य करने के भी तमाम मौके उपलब्ध हैं। साथ ही अतिरिक्त तकनीकी कौशल अर्जित करने पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया।

### लक्ष्य प्राप्ति में सरकार की योजनाएं बन रहीं सहायक: उच्च शिक्षा मंत्री

दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि योगेंद्र उपाध्याय ने बलिया की महान विभूतियों को नमन कर अपने सम्बोधन की शुरू की। उन्होंने कहा कि कोई दीक्षांत समारोह किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए विशिष्ट होता है। यह क्षण विद्यार्थियों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाले शिक्षकों को प्रफुल्लित करने वाला होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दृष्टि से यह विवि महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। यह पहला विश्वविद्यालय है, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए आंतरिक मूल्यांकन व आकलन सम्बन्धी प्रशिक्षण को सम्पन्न कराया गया। खेलकूद एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिए विद्यार्थियों के सर्वांगीड़ विकास पर विशेष जोर है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं समस्त छात्र-छात्राओं के लक्ष्य को प्रदान करने में सहायक होंगी।

### कुलपति ने जताया आभार

समारोह में सबसे पहले कुपलति प्रो कल्पलता पाण्डेय ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल विषम परिस्थिति में कामर्शियल फ्लाईट से वाराण्सी आयीं और वहां से कोहरे का समय होने के बावजूद सड़क मार्ग से साढ़े तीन घंटे की यात्रा कर यहां पहुंची, इसके लिए हम सब विशेष अभारी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की अब तक उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने मिसाईल मैन डॉ कलाम साहब के साथ 'बियोंड 2020' नामक पुस्तक की रचना करने वाले इसरो के मानद प्रोफेसर पद्मश्री वाईएस राजन के प्रति भी आभार जताते हुए कहा कि प्रो राजन का सम्बोधन हमारे विद्यार्थियों के लिए काफी प्रेरणादायी होगा। समारोह में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, एसपी राजकरन नय्यर, एसडीएम सदर प्रशांत नायक सहित विवि के स्टाफ व विभिन्न कालेज के प्रबंधक मौजूद थे।

# बीएसए ने आठ शिक्षा क्षेत्रों में तैनात किया नये खंड शिक्षा अधिकारी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के अनुमोदन के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2022-23 में विभागीय योजनाओं (मिशन प्रेरणा, कायाकल्प, आधार प्रमाणिकरण) का समयबद्ध क्रियान्वयन के दृष्टिगत जनपद में कार्यरत खण्ड शिक्षा अधिकारीगण की तैनाती में आंशिक संशोधन करते हुए एवं शिक्षा निदेशक (बेसि-क) उप्र प्रयागराज के आदेश संख्या निरीक्षण/265 /2022-23 दिनांक 12 दिसम्बर 2022 द्वारा स्थानान्तरित होकर जनपद बलिया आये चार खण्ड शिक्षा अधिकारियों को शिक्षा क्षेत्र में पदस्थापित कर दिया गया। बीएसए मनिराम सिंह द्वारा जारी पत्र के मुताबिक, वीरेन्द्र कुमार को बेरूआरबारी, पवन कुमार सिंह को मनियर, लालजी को सोहांव, पंकज कुमार मिश्र को बैरिया, रमेश कुमार श्रीवास्तव को नवानगर, लोकेश मिश्र को हनुमानगंज, अनूप कुमार को पंदह, अखिलेश कुमार झा को दुबहड़/मुख्यालय की जिम्मेदारी दी गयी है।



बीएसए ने संबंधित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सम्बंधित शिक्षा क्षेत्र में योगदान प्रस्तुत करते हुए अधोहस्ताक्षरी को आख्या प्रस्तुत करेंगे एवं महत्त्वपूर्ण कार्यों की सूची तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित यूजर आईडी/ पासवर्ड हस्तगत करते हुए प्रभार लेने वाले खण्ड शिक्षा अधिकारी को प्राप्त करायेंगे।

# बाइक-वैन की आमने सामने की टक्कर , तीन हुए घायल एक की मौत

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : सुखपुरा-गड़वार मुख्य मार्ग पर खडीचा मोड़ के समीप वैन व बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार महिला,बच्ची व अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया जहां घायल व्यक्ति ने दम तोड़ दिया।



चान्दवार तुरकहा,थाना नगरा निवासी सुरेंद्र चौहान (52) की बेटी की शादी केशरीपुर, थाना सुखपुरा में हुई है। यहाँ से सुरेंद्र सोमवार की शाम को अपनी बेटी सरिता व डेढ़ वर्ष की नतिनी शानवी को बाइक पर बैठाकर अपने गांव जा रहा थे। अभी खडीच़ा मोड़ के समीप पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से जा रही वैन से टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद वैन सड़क किनारे पलट गई। वहीं बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क किनारे जा गिरे व गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया जहाँ गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद वैन चालक वैन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस वैन को थाने लेकर चली आयी।

# पागल सियार के हमले में किशोर सहित दो घायल

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : मड़ियाहूं स्थानीय नगर में सोमवार को सुबह 11:00 बजे के लगभग उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक पागल सीयार मड़ियाहू गांधी तिराहे पर फुटपाथ पर सब्जी बेच रहे एक किशोर सहित एक युवक को काटकर बुरी तरह घायल कर दिया।

बताया जाता है कि सोमवार को सुबह 11:00 बजे के लगभग एक पागल सियार गांधी तिराहे पर पहुंच गया। देखते ही देखते उसने कई लोगों पर हमला कर दिया। सियार के हमले से बाजार में अफरा-तफरी मच गई ।फुटपाथ पर गांधी तिराहे के सामने सब्जी बेच रहे एक 12 वर्षीय किशोर को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्चे को सियार के चंगुल से मुक्त कराने पहुंचे जमुआ निवासी करन तिवारी को भी घायल कर दिया। बाजार वासियों ने दुकान में घुसे सियार को लाठियों से पीट कर मार डाला। घायल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहूं में चल रहा है।

# शौच करने गए युवक की पानी भरे गड्ढे में गिरने से मौत

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : मड़ियाहूं ब्लॉक मुख्यालय के पास रविवार की रात शौच करने गए युवक की पानी भरे गड्ढे में गिर जाने से मौत हो गई। सोमवार की सुबह सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बासदेव उर्फ कल्लू चौहान 45 वर्ष निवासी सराय कालीदास देर शाम को घर से शौच के लिए निकला था। रात में उसके वापस न आने पर परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई परंतु उसका कोई सुराग नहीं लग सका। सोमवार कि सुबह राहगीरों ने ब्लॉक मुख्यालय के पास एक गड्ढे में शव देखा तो पुलिस को सूचना दे दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची जहां उसकी शिनाख्त बॉसदेव उर्फ कल्लू चौहान के रूप में की गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। शौच के पश्चात पानी छूने के लिए गड्ढे में गया जहां पैर फिसल जाने के कारण गड्ढे में गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## सद्भावना क्लब जौनपुर का चुनाव संपन्न

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : जनपद की सामाजिक एवं रचनात्मक संस्था सद्भावना क्लब जौनपुर के सत्र 2023 के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव का कार्यक्रम चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर के दिशा निर्देश मे सूत हटी चौराहे पर स्थित एक प्लाजा में हुई।

चुनाव अधिकारी ने सदन को अवगत कराया कि अध्यक्ष पद हेतु संतोष अग्रहरी का नामांकन पत्र प्राप्त हुआ जो वैध है किसी अन्य द्वारा नामांकन करने पर संतोष अग्र-हरि को सत्र 2023 हेतु निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। तत्पश्चात संस्थापक सदस्य पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर एमपी बरनवाल ने कहा कि नए अध्यक्ष शीघ्र ही अपनी



कार्यकारिणी बना लें। पूर्व अध्यक्ष नरसिंह अवतार व पूर्व अध्यक्ष ऋषिकेश दुबे ने कहा कि संस्था अपने उद्देश्य में सफल हो पूर्व अध्यक्ष लाल जी यादव सहित अन्य लोगों ने नव चयनित अध्यक्ष को बधाई दिया। तत्पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने नए अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर विवेकानंद मौर्य, चंद्र प्रकाश जायसवाल, कोषाध्यक्ष हफीज शाह, चंद्रेश मौर्य आदि उपस्थित रहे। सभा का संचालन सचिव विकास अग्रहरी ने किया। अंत में अध्यक्ष 2022 आशीष गुप्ता ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नाबार्ड ने आयोजित किया एक दिवसीय संचेतीकरण कार्यक्रम

**मीत श्रीवास्तव, समाज जागरण**

बलिया : राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा एसएचजी/जेएलजी पर शाखा प्रबंधको हेतु एक दिवसीय संचेतीकरण कार्यक्रम का आयोजन नाबार्ड के




जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव द्वारा आर सेटी,बलिया के सभागार किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एलडीएम राजकुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम के दौरान बैक अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव ने नाबार्ड द्वारा स्वयं सहायता समूहों और सँयुक्त देयता समूह पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि जनपद में नाबार्ड के सहयोग से महिलाओं के स्वालम्बन हेतु इनका गठन किया जा रहा है। साथ ही जनपद में एनआरएलएम के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों का गठन और बैंक लिंकेज का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी स्वयं सहायता समूहों को बैंक से लिंकेज कराने हेतु बैंक कर्मियों से आग्रह किया। साथ ही भारत सरकार के सभी प्रायोजित कार्यक्रमो में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इसके साथ ही एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड और एग्रीकल्चर मार्केटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से लाभार्थियों को सहयोग देने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही कृषक उत्पादक संघ के माध्यम से किसानों को उद्यमी बनने के लिए एक बेहतरीन तरीका है। जिसमे बैंक कर्मियों का सहयोग जरूरी है, साथ ही साथ बलिया जनपद में नाबार्ड द्वारा प्रमोशन के रूप मे किसानों के बीच उत्पादक संघ, एफएसपीएफ परियोजना,कैट विजिट जैसे अनेकों कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती एवं पशुपालन से जोड़ने का अनवरत प्रयास नाबार्ड द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एलडीएम ने कहा कि जनपद के विकास में नाबार्ड की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है, कार्यशाला के अंत में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी बैंकर्स और हितकारी सहयोगी संस्थाओं को उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन माँ सुरसरी सेवा संस्थान के सचिव डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह ने किया। इस दौरान स्टेट बैंक के अंसुमान त्रिपाठी, शाखा प्रबंधक,स्टेट बैंक के प्रबंधक ,पूर्वांचल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, सेण्ट्रल बैंक के जिला समन्वयक,सेंट्रल बैंक बलिया, डी के सिंह निदेशक आर सेट्टी,आर सेटी के मुकेश श्रीवास्तव, शिव सहाय,एडीएम कार्यालय के हरिप्रसाद यादव,शुभाष चंद्र यादव,प्रयत्न ग्रामीण सेवा समिति के सचिव शिवजी प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# खरवार व गोंड समाज ने किया महापंचायत का आयोजन

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : खरवार व गोंड समाज के संयुक्त तत्वाधान में डाकबंगला सिकंदरपुर के प्रांगण में रविवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें गोंड समाज और खरवार समाज के लोगों ने आपसी एकजुटता पर बल दिया ।

वक्ताओं ने जिला प्रशासन एवं तहसील प्रशासन पर खरवार व गोंड समाज के साथ भेदभाव और एक साजिश के तहत खरवार व गोंड जनजाति व्यक्तियों का जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाने का आरोप लगाया, बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गोंड़, पूर्व मंत्री राजधारी, पूर्व विधायक भगवान पाठक उपस्थित रहे। महापंचायत में इनके द्वारा गोंड व खरवार समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी कराने व अन्य समस्याओं के संघर्ष में सहयोग करने के आश्वासन दिए। वही जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अभिलंब गोंड व खरवार का जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की, बैठक में प्रमुख रूप से राघवेंद्र प्रताप खरवार, दिलीप गोंड, अशोक गोंड, चंदन गोंड, बबलू गोल्ड, विनय खरवार, अखिलेश खरवार, चंद्रमा गोंड, आनंद गोंड, संजय खरवार अपना विचार व्यक्त किए।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी में मातृत्व दिवस का हुआ आयोजन

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी में शोमवार को मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें तीस गर्भवती महिलाओं का परीक्षण करने के बाद उन्हें आवश्यक दवाइयो के साथ फल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ नीरज कुमार नें बताया कि मातृत्व दिवस हर महीने के नव तारीख को मनाया जाता है जिसमे गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण



किया जाता है। इस अवसर पर डॉ.अनिल सिंह चीफ फार्मशिस्ट राम भवन यादव ऋतू सिंह पटेल पीयूष श्रीवास्तव धर्मेंद्र यादव बीसीपीएम अशोक राय अशुतोष राय बृजेश यादव जीतेन्द्र संतोष और वीरेंद्र यादव सहित स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी में फाइलेरिया मुक्ति अभियान ही हुई शुरूआत

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी में जिला फाइलेरिया अधिकारी डॉ सुनील कुमार यादव की अगुआई में फाइलेरिया मुक्ति अभियान की श-रूआत हुई।



इस अवसर पर दर्जनो मरीजों में फाइलेरिया किट का वितरण किया गया जिसमें मग बाल्टी तौलिया साबुन सहित अन्य सामग्री शामिल था। इस अभियान के तहत 10 फरवरी से 27 फरवरी तक डोर टू डोर मेडिकल टीम के साथ आशा बहु द्वारा दवा खिलाया जाएगा। इस अवसर पर डॉक्टर सुनील कुमार नें कहा कि मच्छरदानी का प्रयोग करे एक्सरसाइज करें जिससे बीमारी से निदान मिल जाएगा। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव डॉ नीरज कुमार, चीफ फार्मशिस्ट राम भवन यादव,ऋतू सिंह पटेल,पीयूष श्रीवास्तव, धर्मेंद्र यादव बीसीपीएम अशोक राय ,बृजेश यादव,जीतेन्द्र ,संतोष , वीरेंद्र यादव सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सफेद बालू से बना शौचालय सिस्टम को मुंह चिढ़ा रहा

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : नगर पंचायत नगरा मे सफेद बालू से बना डाला शौचालय, छूते ही दिवाल भरभरा जा रही है।

नगर के वार्ड संख्या 13 में प्राचीन दुर्गा मन्दिर के समीप साढ़े पांच लाख रुपए की लागत से बनने वाले निमार्णाधीन थ्री सीटर सामुदायिक शौचालय में घोर अनियमितता बरती जा रही है। भाजपा कार्यकताओं ने सोमवार को निमार्णाधीन शौचालय में सफेद बालू व घटिया सामग्री प्रयोग करने का आरोप लगाया। आरोप है कि शौचालय के दीवारों में कराया गया प्लास्टर हाथो से ही छूट जा रहा है। वहीं शौचालय की सीट भी तृतीय श्रेणी की लगाई जा रही है।भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जय प्रकाश जायसवाल ने शौचालय निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत एसडीएम रसड़ा सहित जिले के आला अफसरों से कर कार्यवाही की मांग की है।

## हथियाराम मठ के महामंडलेश्वर के सानिध्य में मनाया जाएगा मकर संक्रांति महोत्सव

**समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : क्षेत्र के गोठवां स्थित मुरारनाथ आश्रम झाड़ी मठ मे इस वर्ष हथियाराम मठ गाजीपुर के महंत महामंडलेश्वर पावाहारी स्वामी भवानी नंदन यति के सानिध्य में मकर संक्रान्ति महोत्सव मनाया जाएगा।

पावाहारी महाराज 13 जनवरी को ही सायंकाल झाड़ी मठ पहुंच जाएंगे और 16 जनवरी तक यहां प्रवास करेंगे। इस दौरान आश्रम में वैदिक विधि विधान के साथ हवन पूजन का कार्य सम्पन्न होगा।बाबा मुरारनाथ समाधि स्थल पर हर वर्ष होने वाले मकर संक्रान्ति महोत्सव कोरोना के वजह से कई वर्ष तक स्थगित रहा।इस वर्ष स्वामी भवानी नंदन यति का निर्देश मिलते ही आश्रम पर तैयारी शुरू कर दी गई है।

## शिरोमणश्री ब्रह्मचारी जी महाराज के अवतरण दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम

**नित्यानंद सिंह, समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटवां में हर साल के भांति इस साल भी 8 जनवरी को संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री ब्रह्मचारी जी महा-राज के अवतरण दिवस पर रविवार को श्रद्धा पूर्वक अखंड रामायण के पाठ के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के पहले दिन सुबह11:00 बजे पंडित, चिंटू तिवारी, त्रिवेणी तिवारी ,मुन्ना तिवारी, बबलू, अखिलेश तिवारी, एवं मंटू तिवारी ने विधि विधान से पूजाअर्चना कर रामचरित मानस का अखंड रामायण का पाठ शुरू हुई इस उपलक्ष्य में क्षेत्र पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। इस पावन अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की जुटान हुई सोमवार को पूणार्हुति के साथ प्रसाद वितरण एवं बाल भोज भंडारा का आयोजन किया गया। संत अशोक दास, साईं मंदिर पुजारी पारसनाथ जी, अधिकार सेना बैरिया विधानसभा अध्यक्ष नित्यानन्द सिंह ,व्यास राजकुमार तिवारी, व्यास रामजी सिंह, राम लक्ष्मण सिंह, रामचंद्र सिंह, टुनटुन तिवारी, हृदयानंद सिंह, विवेकानंद गिरी,विशाल गिरी, मनोज सिंह, उधारी प्रसाद, डॉक्टर छट्ठू लाल, भोला सिंह इत्यादि गांव क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जिला कारागार में निरुद्ध कैदी की मौत, आजीवन कारावास का था कैदी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिला कारागार में निरुद्ध कैदी निरहू यादव (80) पुत्र स्व. बनवारी यादव (निवासी कलना टोला देवरी थाना चितबड़ागांव) की रविवार की देर रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि निरहू एवं उसके घर के छह सात लोगों को आजीवन कारवास की सजा हुई थी। 7 जुलाई 2022 को अपने परि-वार के सदस्यों के साथ निरहू जिला कारागार में निरूद्ध हुआ था। रविवार की देर रात्रि अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई, जिसे कारागार प्रशासन ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।



# विधायक ने फीता काटकर किया पीपा पुल का उद्घाटन

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण** सिकन्दरपुर (बलिया) : खरीद दरौली के मध्य बनकर तैयार हुए पीपा पुल का उद्घाटन सोमवार को क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने फीता काटकर किया।

पीपा पुल का उद्घाटन करने के बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए विधायक मोहम्मद रिजवी ने कहा कि पीपा पुल का निर्माण हो जाने से 2 प्रांतों के लोगों के व्यवसायिक अवसर भी बढ़ेंगे, साथ ही साथ दोनों प्रांतों के लोगों के बीच भाईचारा भी बढ़ेगा। बताया कि वर्तमान में जो सरकार केंद्र में तथा प्रदेश में चल रही है उस सरकार का ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों तथा उनके विकास पर नहीं है। समाजवादी पार्टी की सरकार में पक्का पुल पास कराने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो गया था, लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है पक्का पुल के निर्माण पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। हालांकि सरकार की लचर व्यवस्था के चलते पीपा पुल का निर्माण में देरी हुई है, लेकिन ठेकेदार सुनिल राय की तत्परता के द्वारा इस पीपा पुल का निर्माण हो सका है, जिससे कि दोनों प्रांतों में आवागमन सुगम हुआ है। इस मौके पर एई क्षितिज जायसवाल, जेई शैलेंद्र कुमार, डा. मदन राय, अननत मिश्रा, सोमेंद्र राय, पवन राय, धनंजय सिंह, भीम यादव, कृष्णा यादव, देवी यादव, भीषम यादव, त्रिलोकी यादव, मनोहर मिश्रा, सुनिल राय, राजविजय यादव सहित इत्यादि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता दिवान जी व संचालन शिवजी यादव।



# बच्चों के विशेष टीकाकरण अभियान का हुआ आगाज

**- पहले दिन 2105 बच्चों के साथ गर्भवती और धात्री महिलाओं को किया गया टीके से आच्छादित**

**- मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नरेश अग्रवाल में महिला अस्पताल में अभियान का किया शुभारंभ**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय सत्र स्थल से सोमवार को विशेष टीक-ाकरण अभियान शुरू हुआ। इसमें जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को टीके से आच्छादित किया गया। यह ट-ीकाकरण उन्हें 12 जानलेवा बीमारियों से प्रतिरक्षित करेगा । इसमें टीबी, हेपेटाइटिस-बी, पोलियो, काली खांसी, डिप्थीरिया, टिटनेस, हिब इंफेक्शन, निमोनिया, दस्त, खसरा व रूबेला और दिमागी बुखार आदि शामिल हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ बृजेश कुमार यादव ने बताया कि टीकाकरण के इस विशेष अभियान का पहला चरण 20 जनवरी तक चलेगा। अभियान का शुभारंभ जिला महिला अस्पताल के सत्र में बालरोग विशेषज्ञ और सीएमओ डॉ एन अग्रवाल ने छह माह की बच्ची आराध्या को पोलियो ड्राप पिला कर किया। यह टीकाकरण बच्चों में रोग प्रतिरोधक प्रणाली को मजबूत करता है। जनपद में 50726 के लक्षित बच्चों के ट-ीकाकरण के लिये 1895 सत्र स्थलों पर 264 एएनएम,



1895 आशा, 1723 आंगनबाड़ी,113 सुपरवाइजर लगाये गए हैं। अभियान के पहले दिन सोमवार को 2105 बच्चों के साथ गर्भवती और धात्री को इस विशेष टीकाकरण अभियान का लाभ दिया गया। डीआईओ डॉ बीके यादव ने बताया कि टीकाकरण के साथ ही बच्चों के अभिवावकों को साफ-सफाई रखने, गंदे पानी के संपर्क में आने से बचने, मच्छरों से बचाव करने , घरों के आसपास पानी न जमा होने देने , बच्चों को ताजा, बेहतर एवं संतुलित खान-पान देने की भी जानकारी दी गई। इस अभियान के शुभारंभ के दौरान एसीएमओ डॉ आरएन सिंह, डॉ वकील अली, डॉ आरवी सिंह, आर.सी. सौरभ सिन्हा, डब्लूएचओ से डॉ पदम जैन, यूनिसेफ से डीएमसी सौरभ सिंह, यूएनडीपी के वीसीसीएम कामख्या मौर्य, डीएमसी कोर शमशेर अली और अमित, पीएमएमवीवाई के डीपीसी विवेक सिंह, अर्बनहेल्थ क्वा. देवेंद्र यादव, आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# प्रगतिशील भारत के निर्माण में स्वयंसेवक की महती भूमिका

**- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शीत शिविर का कार्यक्रम संपन्न**

**- नगर के सिकटिया स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में हुआ आयोजन**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : नगर के सिकटिया स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शीतकालीन सत्र आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के प्रांत प्रचारक सुभाष ने कहा कि, प्रगतिशील भारत के निर्माण में स्वयंसेवक अपनी महती भूमिका निभाते हैं। आगे भी अपनी विधाओं के आधार पर लगातार भारत को गौरवान्वित करने के लिए प्रयत्नशील भी रहते हैं। शिविर में नगर के सभी गणमान्य स्वयं सेवकों ने तीन सौ की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को नगर कार्यकारिणी के प्रयास एवं जिला प्रचारक के नेतृत्व में संपन्न कराया गया।




# पार्टी के दौरान गाली देने पर हुई हिमांशु की हत्या

**- पूर्व विधायक के प्रपौत्र की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा**

**- सात अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में शामिल हथियार बरामद**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**




मऊ : पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में शनिवार की देर रात कोपागंज थाना के लैरो दोनवार निवासी पूर्व विधायक स्व. केदारनाथ सिंह के प्रपौत्र हिमांशु सिंह की हत्या विगत दिनों घोसी में आयोजित पार्टी के दौरान गाली गलौज को लेकर हुई थी। सोमवार को कोपागंज थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसओजी प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि थाना कोपागंज/एसओजी/स्वाट टीम को रविवार को चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना अभियुक्तों को पश्चिमी फाटक व इन्दारा चट्टी के पास से विजय कुमार निवासी रसूलपुर थाना घोसी, धर्मेन्द्र राजभर निवासी मोहम्मदपुर थाना कोपागंज, धीरज सोनकर उर्फ करन निवासी ग्राम मझ-ावारा मोड़ थाना घोसी, शिव कुमार निवासी सरफुपुर थाना घोसी, मनीष चौहान निवासी सरफुपुर थाना घोसी, प्रदीप राजभर, सोनू राजभर, (बाल अपचारी) निवासीगण मोहम्मदपुर बनसत्ती थाना कोपागंज को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान विजय कुमार के पास स्विच आफ मोबाइल बरामद हुआ। साथ ही दो मोटरसा-इकल भी मिली। अभियुक्तों ने बताया कि धर्मेन्द्र के कहने पर हम लोग हिमांशु को बुलाकर लाये थे। विजय कुमार और धर्मेन्द्र में गहरी दोस्ती थी। कुछ महीने पहले घोसी में पार्टी में शराब पीने के बाद विजय और हिमांशु में कुछ गाली गलौच हो गया था। जिसको लेकर विजय कुमार के अन्दर हिमांशु के प्रति बदला लेने के भावना बनी हुई थी। शनिवार को हिमांशु को बुलाकर मोहम्मदपुर बनसत्ती रोड के किनारे ले आये जहां पर लाठी डंडा से मार पीट कर मरा हुआ समझकर भाग गये थे। बाद में हम लोगो को पता चला कि हिमांशु सिंह उर्फ बिट्टू की मृत्यु हो गयी है। सोमवार को सभी लोग बाहर भागने की फिराक में थे। पुलिस ने सभी आरोपियों का संबंधित धारा के चालान न्यायालय किया।

# सड़क सुरक्षा माह'' के पांचवे दिन महामाया राजकीय महाविद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

## परिवहन विभाग द्वारा तुलसीपुर में स्थित गन्ना क्रय केन्द्र पर ट्रैक्टर चालकों को कोहरे में ट्रैक्टर चलाने हेतु दिया गया प्रशिक्षण

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि शासन के मंशानुसार जनपद में ह्व्ह्वसड़क सुरक्षा माह'' 05 जनवरी, 2023 से प्रारम्भ हुआ है, जो 04 फरवरी, 2023 तक चलेगा। जिसके तहत सोमवार को ह्व्ह्वसड़क सुरक्षा माहह्व्ह्व के पांचवे दिन महामाया राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। तथा परिवहन विभाग द्वारा जनपद के ट्रैक्टर मालिकों एवं चालकों को कोहरे में ट्रैक्टर चलाने हेतु प्रशिक्षित किया गया।

महामाया राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कालेज के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार गुप्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानक विहीन हेलमेट बनाने वाली कंपनियों पर कार्रवाई करके रोक लगायी जाए, ताकि घटिया हेलमेट न बिके। क्योंकि अधिकतर हादसों में घटिया हेलमेट की वजह से लोगों को जान गंवानी पड़ती है। इसलिए सर सलामत, तो सब सलामत का अर्थ तभी चरितार्थ हो सकेगा। साथ ही सुभेदक चिह्नों का जगह-जगह प्रयोग करने एवं रिफ्लेक्टर आदि लगाने से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आयेगी।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना एम0पी0 शर्मा ने सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी। उन्होने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, और यात्रा को सुरक्षित बनायें।

यातायात प्रभारी भिनगा मनीष पांडे द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिसके अन्तर्गत उचित मानक के हेलमेट लगाने, नशा करके वाहन न चलाने, ओवर स्पीड आदि से बचने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान न्यू माडर्न थाना , श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव ने अपने उद्बोधन में युवाओं से यातायात नियमों के पालन करने हेतु अपील किया। इस इस दौरान यातायात विभाग के अन्य पुलिस कर्मियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई व अनेकानेक यंत्रों का प्रदर्शन देकर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , इकौना से डॉ अरविन्द कुमार ने प्राथमिक चिकित्सा के माध्यम से त्वरित रूप से हताहतों की रक्षा के



लिए समुचित उपाय अपनाने हेतु सुझााव दिये।

कार्यक्रम का संचालन रोड सेफ्टी क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमअधिकारी डॉ0 आशुतोष मिश्र ने किया।

इस अवसर पर डॉ शाहीन बानो, डॉ श्याम नारायण वर्मा, डॉ दिलीप कुमार, डॉ उपेंद्र कुमार सोनी, प्रो दुर्गा प्रसाद सिंह, राजबहादुर जायसवाल, दीनानाथ, माधवराज, आशीष श्रीवास्तव बहुत संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा यात्री/मालकर अधिकारी/प्रभारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रणवीर सिंह चौहान की अगुवाई में सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) भीमसेन द्वारा विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर में स्थित गन्ना क्रय केन्द्र पर जनपद के ट्रैक्टर मालिकों एवं चालकों को कोहरे में ट्रैक्टर चलाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। एवं 50 ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पम्पलेट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक सचिन शुक्ला सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# कक्षा-8 तक के समस्त सरकारी/गैर सरकारी/प्राईवेट विद्यालयों व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 14 जनवरी तक रहेगा अवकाश

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर वर्तमान में हो रही भीषण ठण्ड एवं शीत लहर के दृष्टिगत बच्चों को ठंड से बचाने हेतु जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त बोर्ड के कक्षा-8 तक के समस्त सरकारी/गैर सरकारी/प्राइवेट विद्यालयों व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 09 से 14 जनवरी, 2023 तक अवकाश घोषित किया गया है। तथा परिषदीय विद्यालयों के शीतकालीन अवकाश यथावत रहेंगे।

उक्त जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह ने दी है

# स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियो व कार्यकताओं का एक दिवसीय कार्यशाला

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियो के प्रशिक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डी पी आर सी के प्रशिक्षण हॉल में



आयोजित हुआ जिसमें संस्थाओं के कागजात ,उनके पंजीकरण के लिए आवश्यक डॉक्युमेंट ,सरकार के साथ कैसे समन्वय स्थापित केये जाए इन सभी की जानकारी उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष गुलाब सिंह जी दिया कार्यक्रम का आयोजन कर रहे नाबार्ड बैंक के अधिकारी डी डी एम श्री बृज राज साहनी जी ने सभी संस्थाओं को अपने आवश्यक डॉक्यूमेंट मेंटेन करने की सलाह दी और कहा कि यदि आप कार्य करना चाहते है पहले अपने कागजात को सुधारे फिर कार्य के लिए अप्लाई करें जिससे उनको फंडिंग पाने में आसान हो सके ।इस अवसर पर रवि शंकर, विश्वजीत तिवारी,आर यन सिंह , संदीप चौधरी, परवीन बानो उत्कर्ष ,अजय शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे

# कानपुर में जेल भेजने के बाद भी दबंग शोहदे से भयभीत छात्रा और उसका परिवारकानपुर में जेल भेजने के बाद भी दबंग शोहदे से भयभीत छात्रा और उसका परिवार

## क्लासरूम में घुसकर की थी छात्रा से छेड़खानी छेड़खानी

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां जिले के दबंग शोहदे युवतियों के पीछे पड़े है। दबंग सोने का शिकार ऐसी ही एक छात्रा और उसका परिवार शोले के जेल भेजे जाने के बाद भी बहुत भयभीत है । इस बीच पुलिस ने उसके खिलाफ जिला बदर की भी कार्रवाई की है । इसके बाद भी वह छात्रा और उसके परिवार को लगातार धमकी दे रहा है

अनस नामक यह दबंग शोहदा इतने बुलंद हौसले वाला साबित हुआ कि उसने कॉलेज के क्लास रूम में घुसकर छात्रा से छेड़छाड़ की। शोहदे ने छात्रा के प्राइवेट पार्ट से भी छेड़छाड़ की है। छात्रा का हाथ पकड़कर खींचता रहा और उसका दुपट्टा फाड़ दिया।

क्योंकि पीली छात्रा के परिवार वालों ने उसके खिलाफ जानकारी होने पर रिपोर्ट दर्ज करा दी थी इसलिए इस दबंग ने धमकी दी है कि मुकदमा वापस ले लो, वर्ना सिर तन से जुदा कर दूंगा। तुमको अपनी बेगम बनाकर रखूंगा। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट करते हुए, जिलाबदर की कार्रवाई की है।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक नौबस्ता थाना क्षेत्र स्थित में रहने वाली 19 वर्षीय युवती बीबीए की छात्रा है। किदवई नगर स्थित एक महाविद्यालय से बीबीए की पढ़ाई कर रही है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि बीते 02 जनवरी को मैं कॉलेज में थी। तभी मोहम्मद अनस अपने तीन साथियों के साथ कॉलेज के क्लास रूम में घुस आया। अनस हाथ पकड़कर खींचने लगा, इस दौरान उसने प्राइवेट पार्ट को छुआ। जब मैंने विरोध किया तो उसने मुझसे गाली-गलौच करने के साथ दुपट्टा फाड़ दिया।

पीड़िता ने बताया कि अनस कह रहा था कि तुम्हारे घर वालों ने मुझपर मुकदमा कराया है। जिसकी वजह से मैं जेल गया, और जमानत पर छूटकर आया हूं। तुम मेरी हो जाओ और मेरे पास आ जाओ। मुकदमा वापस ले लो नहीं तो मैं तुम्हारा तेजाब से चेहरा खराब कर दूंगा या फिर सिर तन से जुदा कर दूंगा। यह घटना कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को जो जानकारी दी है उसके मुताबिक वह दो साल पहले रेल बाजार थाना क्षेत्र में रहती थी। मोहम्मद अनस भी वहीं रहता था। अनस ने दो साल पहले भी छात्रा से छेड़छाड़ की थी। छात्रा ने छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराई थी, जिस मामले में अनस जेल गया था।

इस घटना के बाद परिवार ने वहां से घर छोड़ दिया था। जमानत पर छूटने के बाद उसने फिर से छात्रा के साथ घिनौना काम किया है। छात्रा का कहना कि मुझे और मेरे परिवार को अनस से जान का खतरा है, उसकी वजह से मैंने कॉलेज जाना बंद कर दिया। इस घटना में अब आरोपी के खिलाफ जिला बदर की भी कार्रवाई की गई है । छात्रा की सुरक्षा का भी ख्याल रखा जा रहा है इस घटना से छात्रा और उसके परिवार वाले बहुत भयभीत हैं उनको आशंका है कि उनके साथ कोई भी अपनी घटना कभी भी हो सकती है

# नलजल अपूर्ण होने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने,कलेक्टर ने दिये निर्देश

## किरनापुर एवं लांजी एसडीएम को कारण बताओ नोटिस जारी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(10जनवरी) कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने समय सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि वे नल-जल योजना का कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करें। इस दौरान बताया गया कि तिरूपति इंजीनियर्स को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। एक अन्य ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही शीघ्र ही प्रारंभ की जायेगी। बैठक में आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान इस योजना में पात्र सभी लोगों के कार्ड बनाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये और कहा गया कि इस योजना में अपात्र लोगों की भी



सूची तैयार करें। इस दौरान किरनापुर एवं लांजी एसडीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिले के तीन विकासखंड में लागू पेसा एक्ट के प्रति पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने एवं इस एक्ट का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा के दौरान किसानों से खरीदे गये धान का तेजी से उठाव करने एवं किसानों को शीघ्रता से भुगतान करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान बताया गया कि जिले में 713 करोड़ रुपये की धान खरीदी जा चुकी है। इसमें से 419 करोड़ रुपये का किसानों को भुगतान कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को 12 जनवरी को आयोजित होने वाले सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारी करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार खेलो इंडिया गेम्स के अंतर्गत 01 से 10 फरवरी तक आयोजित होने वाले महिला फुटबाल के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिये गये।

# कोली समाज ने महाराष्ट्र के स्वच्छता व पालक मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जलगांव/वरिष्ठ संवाददाता :

* जलगांव विमानतल का नाम आदिवासी वाल्मिक रखने की मांग

* महाराष्ट्र में 1.10 करोड़ है कोली समाज की संख्या



अखिल भारतीय कोली समाज के प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिल नन्नवरे के नेतृत्व में आज जलगांव,महाराष्ट्र के स्वच्छता व पालक मंत्री गुलाबराव पाटिल को एक विशेष मांग पत्र सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है की जलगांव एयरपोर्ट का नाम आदिवासी वाल्मिक के नाम से किया जाए। प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिल नन्नवरे ने आज मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने बताया की हमारी मांग है की जलगांव एयरपोर्ट का नाम आदिवासी वाल्मिक एयरपोर्ट जलगांव किया जाए। महिला जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्मिता कोहली ने कहा की उनकी मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस अवसर पर सुखदेव रायसिंग, धनराज सालुंके,सुकदेव रायसिंग,,अनिल कोली,रविंद्र कोली,रविंद्र पाटिल,मनोज ,मनोज सपकाले, सहित कोली समाज से जुड़े काफी लोग मौजूद थे।

# मायल नगरी में सदभावना याञा का हुआ भव्य स्वागत

## युवा नेता प्रशांत भाऊ ने मंदिर मस्जिद में माथा टेका लिया आशीर्वाद

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिल्क ब्यूरो**

बालाघाट।(10जनवरी)मायलनगरी तिरोड़ी में सदभावना पद यात्रा के प्रवेश करने पर जनप्रतिनिधियों ग्रामीणजन नागरिकों के द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।

मायल नगरी में सदभावना यात्रा का हुआ स्वागत

चकाहेटी से जमरापानी होते हुये मायलनगरी तिरोड़ी पहुंची सदभावना याञा में भारी संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल हुये ग्राम पंचायत तिरोड़ी के नागरिकों के द्वारा सदभावना यात्रा की आगवानी कर जगह जगह फूलों की बरसात कर इतिहासिक स्वागत किया गया साथ ही बैंड बाजे फटाको व भारत माता की जय अन्य नारो के अलावा देशभक्ति गीतो से मायलनगरी गूंज उठी।

मंदिर मस्जिद में पहुँचकर लिया आशीर्वाद

सदभावना पद याञा की अगुवाई कर रहे कटंगी बालाघाट विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा समाजसेवी नेता इंजि प्रंशात भाऊ पठार क्षेत्र से सदभावना पद यात्रा प्रारंभ किया जो की 140 ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करते हुए 20तारीख को कटंगी नगर पहुँच कर समापन होगी

युवा नेता इंजि प्रंशात भाऊ अपनी यात्रा के दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि विकास के लिये सभी मंदिरों में माथा टेक कर प्रार्थना कर रहे है साथ ही उनके द्वारा सभी महापुरुष की प्रतिमाओं मे माला अर्पित किया गया और उन्होंने सभी बुजुर्गो के चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लिये

तिरोड़ी नगर मै युवा नेता ने मस्जिद,



मंदिरो मैं दर्शन कर पूजाअर्चना कर माथा टेका आशीर्वाद लिया।

सायकिल यात्री का स्वागत

मायलनगरी तिरोड़ी से मां शारदा के दर्शन के लिए करीबन 50 भक्त सायकल से मैहर के लिए प्रस्थान किया सभी भक्तों को युवा नेता इंजि प्रंशात भाऊ ने सौजन्य भेंट कर फूल माला से स्वागत उनकी सेवा भावनाओं की सराहना करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की वही सायकल याञियो ने भी इंजि प्रशांत भाऊ का स्वागत किया।

निस्वार्थ भावना से सेवा

युवा नेता इंजि प्रंशात भाऊ ने कहा की उनकी यह यात्रा गैरराजनीतिक है उन्होंने कहा की सदभावना पद याञा के माध्यम से कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेञ के मतदाताओं से सीधा संवाद करने का उन्हे अवसर मिल रहा है,साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं को करीब से जानने यह एक माध्यम है,उन्होंने कहा की हमारे क्षेत्र में संसाधन बहुत है पार नेता, जनप्रतिनिधि शासन के द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने में अब तक पहल नहीं किया जिसके कारण हमारे यहां उघोग स्थापित नहीं हुये आज हमारे युवा बेरोजगार साथी क्षेञ से पलायन कर बहार रहकर अपनी जीविका व परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं उन्होंने आगे कहा की आप सभी को अब जागरूक होना चाहिए अपने मताअघिकार का सही उपयोग करे हमे ऐसा प्रतिनिघि चुनना होगा जो आपकी जरुरतो को समझे उन्होने अनेकों विषयों पर अपनी बात रखी अंत में युवा नेता ने कहा की. सदभावना पद यात्रा के दौरान आप सभी ने जो स्नेह आशीर्वाद दिया उसे में कभी नही भूल सकता।

# लापरवाह स्वास्थ्य सुपरवाइजर को किया गया निलंबित

## 6 एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी

बालाघाट।(10जनवरी) कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण सिविल अस्पताल लांजी के सेक्टर सुपरवाईजर राजेन्द्र प्रसाद पांडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरनापुर में निर्धारित किया गया है। 06 जनवरी को कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा लांजी में स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षकों एवं एएनएम की बैठक लेकर लांजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई थी। समीक्षा में पाया गया कि प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में पर्यवेक्षक राजेन्द्र पांडे के सेक्टर में आने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्रों की प्रगति संतोषप्रद नहीं है। जिसके कारण उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है।

6 एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी

प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने लांजी क्षेत्र की 06 एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनकी एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोक दी जाये और 02 एएनएम की संविदा सेवा समाप्त कर दी जाये। इन सभी 08 एएनएम को 02 दिनों के भीतर खंड चिकित्सा अधिकारी लांजी के अभिमत सहित समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए इन एएनएम की एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा 06 जनवरी को लांजी प्रवास के दौरान सिविल अस्पताल लांजी में क्षेत्र के सुपरवाईजर एवं एएनएम की बैठक लेकर प्रजनन एवं शिश स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई थी। समीक्षा में पाया गया कि माता के गर्भवती होने पर उसकी पोर्टल में एंट्री नहीं की जा रही है और सिरेगांव की एएनएम तारा डोंगरे, अमेड़ा-पा की एएनएम एस तुरकर, घोटी की एएनएम श्रीमती एस दानी, बहेला की एएनएम खिलेश्वरी ढेकवार, लांजी की एएनएम श्रीमती चित्रा हुमने व श्रीमती सरिता कोठारे की प्रगति 50 प्रतिशत से कम है। जिस पर इन एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनकी एक वेतन वृद्धि रोक दी जाये।

इसी प्रकार उप स्वास्थ्य केन्द्र बेलगांव की एएनएम सुश्री रानी जाधव द्वारा बेलगांव क्षेत्र में आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने में लापरवाही बरती जा रही है। रानी जाधव द्वारा ग्राम खमारडीह की गर्भवती महिला श्रीमती दुखलिया तिलगाम एवं श्रीमती हेमा धुर्वे तथा प्रसूता महिला श्रीमती सविता तिलगाम एवं शारदा धुर्वे की जांच नहीं की गई थी और पोर्टल में इसकी एंट्री भी नहीं की गई थी। नेवरवाही की एनएनएम संविदा एएनएम शालिनी वराड़े द्वारा गर्भवती माताओं की पोर्टल पर एंट्री में 50 प्रतिशत से कम प्रगति पायी गई। जिस पर संविदा एएनएम सुश्री रानी जाधव एवं शालिनी वराड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनकी संविदा सेवा समाप्त कर दी जाये।

# हरियाणा के चरखी दादरी में भ्रष्टाचार जागरूकता सेमिनार आयोजित

## ब्रांड एंबेसडर निशा सोनी को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण संवाददाता पटौदी/सुरेश कोहली**

भ्रष्टाचार उन्मूलन अभियान में देश में जागरूकता ला रही संस्था एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने हरियाणा के चरखी दादरी में एक बहुत बड़े



भ्रष्टाचार जागरूकता सेमिनार का आयोजन पदाधिकारी प्रवीण गर्ग की अध्यक्षता में किया। मुख्य अतिथि फिल्म जगत से अभिनेता व महाभारत फेम अर्जुन फिरोज खान ने शिरकत कर लोगो को संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि गुड़गांव से सेलिब्रेटी एंबेसडर निशा सोनी रही।इस अवसर पर रोड सेफ्टी के बारे में भी लोगो को बताया गया। कार्यकम में देश व समाज में निःस्वार्थ भाव से जो लोग अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है तथा जो अपने कर्तव्य के प्रति सच्ची निष्ठा से कार्यरत है उनको कर्तव्यनिष्ठ सम्मान भी दिया गया। कार्यकम में मुख्य वक्ता के रूप में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा रहे।

# भारतीय आदिवासी कोली सेना की बैठक कल

जलगांव/संवाददाता : .भारतीय आदिवासी कोली सेना द्वारा कल यानी मंगलवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी कोली सेना महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा कोली ने दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की संगठन की तरफ से फरवरी में कोली समाज के युवक -युवती



परिचय सम्मेलन का आयोजन जलगांव में किया जा रहा है जिसको लेकर संगठन के पदाधिकारी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेंगे। श्रीमती कोली ने बताया की मीटिंग में नारायण कोली व संगठन से जुड़े सदस्य भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# 04 ग्रामपंचायत उपचुनाव में तीन पर महिला एवं एक पर पुरूष विजयी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(10जनवरी) पांच जनवरी को हुए ग्रामपंचायत के उपचुनाव के नतीजे सामने आ गया है जिसमे तीन महिला व एक पुरूष सरपंच पद पर विजयी हुए है।5 जनवरी को जिले में 4 सरपंच और 181 पंच के रिक्त स्थानों के निर्वाचन की प्रक्रिया की गई थी। इसमें 131 वार्डों के पंच निर्विरोध निर्वाचित हो गए और 21 वार्ड से पंच के निर्वाचन के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र नहीं भरा। इस प्रकार 5 जनवरी को 4 सरपंच और 29 वार्डों के पंच के निर्वाचन के लिए मतदान कराया गया।

पंचायत उपचुनाव के तहत 4 ग्राम पंचायत में लांजी विकासखंड की बोलेगांव, सिरेगांव, बेनेगांव और परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा के सरपंच और 29 पंचों के निर्वाचन के लिए 5 जनवरी को कराए गए मतदान में सभी 30 मतदान केंद्र में मतदान कराया गया।



मतदान केंद्र में ही पंचों के परिणाम घोषित कर दिए गए। वहीं सरपंचों के परिणाम की घोषणा विकासखंड मुख्यालय में 9 जनवरी को की गई।

बहुचर्चित भोलेगांव में महिला उम्मीदवार विजयी

4 ग्रामपंचायत में सबसे ज्यादा जिले की बहुचर्चित बोलेगांव ग्रामपंचायत थी।जहां डबल मनी के मामले के कारण ग्रामपंचायत के आम चुनाव का बहिष्कार कर दिया गया था।जिससे चुनाव नही हो सका था।

यहां पंचायत उपचुनाव में महिला प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। 9 जनवरी को पंचायत सरपंच की मतगणना के बाद जनपद पंचायत लांजी के ग्राम पंचायत बोलेगांव से प्रतिमा भारद्वाज, ग्राम पंचायत सिरेगांव से शशिकला धर्मेंद्र, ग्राम पंचायत बेनेगांव से संतोष बुड़ावने और जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत उकवा से अनुसूया जयंतीलाल ने जीत दर्ज की है।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के सतत विकास पर क्षेत्रीय सम्मेलन का अगरतला, त्रिपुरा में आयोजन

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री श्री नारायण राणे, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ.) माणिक साहा और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा के साथ 9 जनवरी 2023 को अगरतला, त्रिपुरा में आयोजित ह्यपूर्वोत्तर क्षेत्र में एमएसएमई के सतत विकास पर क्षेत्रीय सम्मेलनह्व की अध्यक्षता करेंगे। एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इस सम्मेलन का आयोजन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया जा रहा है। इस सम्मेलन में एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार और त्रिपुरा राज्य सरकार की विभिन्न पहलों की शुरूआत के बारे में प्रदर्शन किया जाएगा। आरएएमपी (एमएसएमई के कार्य प्रदर्शन को बढ़ाना और तेजी लाना) का शुभारंभ, उद्यम शक्ति के तहत एनईआर पोर्टल को जोड़ना, गोमती सिटी गैस परियोजना का उद्घाटन, स्फूर्ति (एसएफयूआरट-ीआई) योजना के तहत वेस्ट त्रिपुरा बम्बू मैट क्लस्टर का उद्घाटन और केवीआईसी (खादी और ग्रामोद्योग आयोग) तथा टीकेवीआईबी (त्रिपुरा खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड) के नए भवन का उद्घाटन ऐसी कुछ गतिविधियां है जिनकी सम्मेलन के लिए योजना बनाई गई है। यह सम्मेलन भारत में एमएसएमई के विकास की दिशा में लगातार काम कर रहे केंद्र और राज्य सरकारों के विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और उद्योग संघों के साथ इच्छुक/मौजूदा उद्यमियों को बातचीत करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराएगा। अगरतला में आज मीडिया को जानकारी देते हुए एमएसएमई मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उस समावेशी विकास के बारे में विस्तृत विवरण दिया, जिन्हे यह मंत्रालय समाज के हर वर्ग के लिए विभिन्न उपायों के माध्यम से एमएसएमई को देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं को लागू करता है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने अनेक पहल की हैं। "पूर्वोत्तर और सिक्किम में एमएसएमई को प्रोत्साहन" एक समर्पित योजना है,



जो एमएसएमई के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। अब तक 140 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत 1.14 लाख सूक्ष्म इकाइयों को सहायता दी गई है जिससे 7.6 लाख रोजगार जुटाए गए हैं। एमएसएमई क्लस्टर विकास कार्यक्रम ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक 29 परियोजनाओं को पूरा किया है, जिसके लिए सरकार ने 135.45 करोड़ रुपये जारी किए हैं। स्थानीय कारीगरों को लाभान्वित करने वाले कुल 85 क्लस्टरों को "स्फूर्ति (पारंपरिक उद्योगों के उत्थान के लिए निधि की योजना)" के तहत अनुमोदित किया गया है। अब तक पूर्वोत्तर के 2.7 लाख उद्यमों ने 23 लाख लोगों को रोजगार देते हुए उद्यम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। हमारी अर्थव्यवस्था पर एमएसएमई के प्रभाव को देखते हुए यह बहुत जरूरी हो गया है कि युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने और एक अनुकूल इको-सिस्टम का निर्माण करने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए, जहां वे 5 ट्रिलियन अमरीकी डालर की अर्थव्यवस्था को साकार करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। एमएसएमई क्षेत्र का पोषण राष्ट्र की आर्थिक भलाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। एमएसएमई मंत्रालय सतत विकास के लिए एमएसएमई को सशक्त और वैश्विक मूल्य श्रृंखला को सुसंगत बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। यह सम्मेलन त्रिपुरा और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के एमएसएमई को नए विचारों को शामिल करते हुए उनके विकास क्षितिज का विस्तार करने में सहायता प्रदान करेगा क्योंकि इससे वे सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों से अच्छी तरह अवगत हो जाएंगे।

## आदिवासी समुदाय महान पर्व सोहराय का सोमवार से आगाज

**दैनिक समाज जागरण**

बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित दनिंक प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी समुदाय महान पर्व सोहराय का सोमवार से आगाज है।

इस संबंध में गांव के कई प्रधान ने बताया कि हम लोगों का पर्व या महान पर्व है जो भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है।

इसमें सभी भाई अपनी बहनों को न्योता पढ़ाते हैं और उन्हें अपने घर आने के लिए हर तरह से विनती करते हैं और बहन अपने भाई के घर आते हैं ।

उनका मान सम्मान किया जाता है यह पर्व भाई-बहन का प्रेम का प्रतीक है ।

अगर बहन भाई के घर नहीं पहुंचती है तो समाज में इसके लिए उस भाई के प्रति हो लिखना शुरू हो जाता है



भाई-बहन का यह पर्व सदियों से चला रहा है।

तो वही इस समुदाय के लोग अपने इष्ट देव की पूजा जिस विधि विधान से करते हैं उसकी चिंता सबसे बड़ी है क्योंकि बिहार सरकार ने इस पर ग्रहण लगा दिया है लेकिन समुदाय के लोग का कहना है कि हमारी परंपरा और हमारे संस्कृति जो चलते आ रहा है उस पर अगर सरकार दबिश करती है।

तो यह सरासर गलत है आने वाले समय में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा लेकिन हमारी जो परंपरा है उस पर हम कहां रहेंगे और हम परंपरा के अनुसार ही अपने इष्ट देव की पूजा करेंगे और इस पर प्रशासन की ओर से मदार डालने की कोशिश की जाएगी तो हम लोग चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## कड़ाके की ठंड पर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवालिया निशानःचांदन

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

चान्दन/बांकाःपौष माह के अंत पिछले 10 दिनों से प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड से लोगों का जीना बेहाल हो गए हैं। हाड़ हिला देने वाली ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। इसके बावजूद अंचल प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अलाव जलवाने के प्रति गंभीर नहीं है।अलाव जलवाने के नाम पर सिर्फ कागजी कोरम पूरा किया जा रहा है। जबकि कड़ाके की ठंड से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शीतलहर की चपेट में पूरा प्रखंड इस समय है। वहीं जानकारों की मानो तो रात के तापमान 6 डिग्री तक तो दिन में अधिकतम 10 डिग्री सेल्सियस तक का पारा चढ़ गया है। इस संदर्भ में चांदन प्रखंड के भाजपा जिला मंत्री चंदन सिन्हा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष शर्मा, पूर्व पंचायत समिति बैजनाथ यादव, पूर्व मुखिया छोटन मंडल, समसुल अंसारी, मुख्तार अंसारी, मनोज केसरी, राजू दुबे, भैरोगंज बाजार से



धर्मेंद्र बरनवाल,दिलानन्द दास, पुर्व मुखिया पप्पू दास सहेंदर दास के अलावा दर्जनों ग्रामीणों ने अंचल प्रशासन से चांदन बस स्टैंड, अस्पताल गेट, ब्लॉक गेट, गांधी चौक,सुइया बाजार के हनुमान मंदिर चोक सहित भैरोगंज बाजार स्थित चोक चौराहा के अलावा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने की मांग की है, जिससे पछुआ हवा से बढ़ रही शीतलहरी से आमजन को राहत मिल सके। ज्ञात हो हर वर्ष हर वर्ष जिला प्रशासन द्वारा ठंड से बचने के लिए लोगों को अलाव की पर्याप्त व्यवस्था कराई जाती है। लेकिन इस बार, नहीं तो अंचल कर्मी और नहीं तो जनप्रतिनिधि द्वारा अलाव की व्यवस्था किया है। खास कर रोज मर्रा काम करने वाले दिहाड़ी मजदूरी करने वालों पर असर दिखने को मिल रही है। अब देखना है कि खबर खबर छपने के बाद अंचल प्रशासन लोगों को किस प्रकार ठंड से निजात दिलाने में मदद करता है।

## नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक के द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का लिया गया जायजा

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- मंदार तराई अवस्थित तिलारू गांव के समीप बने आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का सोमवार को नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि, आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज में मंदार महोत्सव के अवसर पर प्रदेश स्तर के हस्तशिल्प उत्कृष्ट सामानों का स्टॉल लगाया जाएगा। जहां मंदार महोत्सव के मौके पर मेला घूमने आए और मंदार भ्रमण करने आए सैलानी यहां से राज्य के विभिन्न जिलों के बेहतरीन हस्तशिल्प सामग्री को खरीद पाएंगे। मौके पर कर्मियों को आवश्यक



निर्देश भी दिए गए। जिला विकास प्रबंधक ने बताया कि, यहां पर मुख्य रूप से भागलपुर की बेहतरीन कास्ट कला, मंजूषा कला उत्पादन, मंजूषा क्राफ्ट, बंबू क्राफ्ट, पटना की टिकुली कला, भागलपुरी चादर एवं चंपानगर के सिल्क के कपड़े, मधुबनी पेंटिंग, दरभंगा का मखाना, रोहतास का विभिन्न तरह का आचार, लड्डू और पापड़, गोदना पेंटिंग सहित अन्य बेहतरीन उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। जहां से लोग आसानी से इसे खरीद पाएंगे। बताया गया कि परिसर में 35 स्टॉल लगाया जाएगा। जिसमें 20 स्टाल नाबार्ड की ओर से लगाए जाएंगे। बाकी 15 स्टॉल जिला प्रशासन की ओर से लगाया जाएगा। इस मौके पर फ्रीडम मिशन के राकेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## एसडीएम ने मेला मैदान में हो रहे कार्यों का लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- मंदार महोत्सव सह बौंसी मेला के आयोजन को लेकर हो रहे कार्यों का सोमवार को एसडीएम डॉ प्रीति ने मेला मैदान का जायजा लिया। इस दौरान सबसे पहले मुनेश्वर कृषि प्रदर्शनी पहुंचकर एसडीएम ने कार्य की धीमी रफ्तार देखकर कृषि विभाग के कर्मियों को फटकार लगाई। पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि, मेला परिसर में किसी भी सूरत में खेल तमाशे वाले को बिना आवेदन लिए और बिना एनओसी उनसे लिए कार्य करने की अनुमति नहीं देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि, सुरक्षा के मानक को ध्यान में रखते हुए खेल तमाशे का संचालन कराया जाएगा। यहां के बाद एसडीएम मंदार स्थित पापहरणी सरोवर समीप पहुंची। जहां पर सरोवर में बैरिकेडिंग को नहीं देख अभिलंब बैरिकेडिंग कराने का निर्देश



दिया। विदित हो कि पिछले 4 दिनों से लगातार सफा धर्मावलंबी यहां पर आकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। ऐसे में तालाब की गहराई को देखते हुए बैरिकेडिंग किया जाना अनिवार्य है। विदित हो कि पापहरणी सरोवर में जिला प्रशासन के द्वारा पहली बार सफा धर्मावलंबियों के रहने के लिए बेहतरीन टेंट का निर्माण कराया गया है। जहां सफा धर्मावलंबि ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने के बजाय टेंट में रहने का काम करेंगे। सफा अनुयायियों के लिए बनाए गए रेन शेल्टर में कार पेंटिंग कर रहने की व्यवस्था की गई है। जबकि चारों ओर घेर कर हवा से बचाव का कार्य भी किया गया है। सरोवर के चारों ओर चेंजिंग रूम का भी निर्माण कराया गया है। इस मौके पर डीटीओ प्रेमकांत सूर्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचलाधिकारी विजय कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## नाथनगरः अनुश्रवण समिति की बैठक में बीईओ समेत स्वास्थ प्रबंधक, कृषि पदाधिकारी अनुपस्थित, शोकोज पूछेगी बीडीओ

### डीएम से पदाधिकारियों के विरुद्ध लिखित शिकायत करने की बात प्रखंड प्रमुख ने की

**नाथनगर से विवेक कुमार** प्रखंड परिसर स्थित ट्रायशम भवन में सोमवार को नाथनगर प्रखंड प्रमुख दुर्गा दयाल की अध्यक्षता में 2023 वर्ष के अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक में नाथनगर प्रखंड क्षेत्र के 14 पंचायतों से मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्य ने पहुंचकर अपने पाने पंचायतों में विकास कार्य को लेकर विस्तार से चर्चा किया। वहीं सबसे अधिक समस्या निस्फअंबे, बेलखोरिया, नूरपुर, गौराचौकी, कजरैली, रत्तीपुर के जनप्रतिनिधि ने अधिकारियों से कही जहां पीएचईडी विभाग पर काम में लापरवाही बरतने की शिकायत बीडीओ से की गई। प्रमुख दुर्गा दयाल ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में विशेषकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, कृषि पदाधिकारी को अनुपस्थित पाया गया हैं। इनके विरुद्ध डीएम से मिलकर शिकायत की जायेगी। साथ ही बीडीओ नाथनगर द्वारा इनसे स्पष्टीकरण पूछा जायेगा। इसके अलावा निस्फअंबे पंचायत के वार्ड 13 स्थित पंडित टोला में जो करीब 20 घरों के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का तार गया हुआ है। उसे भी जल्द हटाने की बात प्रमुख ने की। मौके पर बीडीओ अंतिमा कुमारी, सीओ नाथनगर स्मिता झा, उपप्रमुख सबिता राय, जिप सदस्य धनंजय मंडल समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## पालीगंज थाने में हुई महिला व बाल सुरक्षा पैनल को गठन करने को लेकर बैठक

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश पालीगंज/ सोमवार को स्थानीय थाना परिसर में आंगन ट्रस्ट की ओर से महिला व बाल सुरक्षा पैनल को गठन करने को लेकर बैठक किया गया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पालीगंज इंस्पेक्टर विजय कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में पूरे प्रखण्ड क्षेत्र के सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। वही बैठक में मौजूद आंगन ट्रस्ट के राज्य प्रशिक्षक कल्पना कुमारी व इरम ने महिलाओं को साइबर क्राइम के बारे में बताते हुए उससे बचाव सम्बन्धित बातें बताई। साथ ही मोबाइल से होनेवाले



लाभ व हानि के बारे में भी बतलाई। मौके पर उन्होंने बताई की सभी थाने परिसर में महिलाओं की एक बैठक कर कमिटी की गठन की जाएगी जो सप्ताह में एक दिन पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठकर महिलाओं व बच्चों से सम्बंधित मामलों में उचित राय विमर्श करेगी। इस कमिटी में 10 से 12 महिलाएं व 5 से 6 किशोरियां होंगी।

मौके पर गुड़िया कुमारी, मंजुला कुमारी, मुस्कान कुमारी, रेखा कुमारी, कंचन कुमारी, गजाला प्रवीण, गीता कुमारी व खुशबू कुमारी सहित अन्य महिलाएं व किशोरियां मौजूद थी।

## प्रसव पूर्व 560 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांचः चांदन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

बांका/चांदनः-प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत सोमवार 9 जनवरी को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन प्रभारी एके सिन्हा के नेतृत्व में कुल 560 गर्भवती महिलाओं की शिविर लगाकर प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें आशा एएनएम जीएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों की अहम भूमिका रही। इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर स्वास्थ्य केंद्र भैरोगंज परिसर में स्वास्थ्य शिविर के पुर्व सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने सामूहिक रूप से उपस्थित होकर विगत दिनों चांदवारी पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र भोरसार में कार्यरत दिवंगत आशा कार्यकर्ता इन्द्रावती देवी के मृत आत्मा को शांति प्रदान के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात शिविर में आए सभी गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जांच हेमोग्लोबीन, एचआईवी टेस्ट, ब्लडप्रेशर, कोरोना टेस्ट आदि का जांच किया। और चिकित्सकों द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को खान पान की उचित सलाह दिया गया। जांचोपरांत गर्भवती महिलाओं को आवश्यक दवाई के साथ एक-एक केला एक-एक सेव वितरण किया। इसी क्रम में कुछ गर्भवती महिलाओं ने प्रेस वार्ता में बताई कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर भैरोगंज में गर्भवती महिलाओं के लिए सुविधा की अभाव है, अस्पताल तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग नहीं रहने से मुख्य मार्ग पर खुद का यातायात व्यवस्था खड़ी करना पड़ता है। और तो और गर्भवती महिलाओं को पैदल चल कर आना पड़ता है, जहां बैठने तक की जगह नहीं होती है। इस मौके पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर भैरोगंज के मेडिकल टीम में शामिल डॉ जय किशोर कुमार एवं जीएनएम इंद्राणी कुमारी, ए एन एम निर्मला हंसदा, शैलवाला शिवानी,इंदू कुमारी, आशा कार्यकर्ता, सेविका आदि, वहीं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन में प्रखंड प्रसार प्रशिक्षक संजय कुमार यूनिसेफ बीएम पंकज झा, स्वस्थ प्रबंधक परशुराम सिंह बीसीएम संजय कुमार,जी एन एम, ए एन एम,आदि के अलावा लेब टेक्नीशियन चंदन कुमार, एवं सुइया उपकेंद्र में प्रभारी चिकित्सक डॉ एके सिन्हा,आयुष चिकित्सक डॉ भोलानाथ गोराई, आदि चिकित्सक के अलावा दर्जनों आंगवाडी सेविका मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की गई जांच

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। गर्भवती महिलाओं की जांच विशेष शिविर लगाकर की गयी। विशेष शिविर में गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच सेवा और उचित परामर्श दिया गया। जानकारी देते हुए रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार ने बताया कि, शिविर में 194 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। बताया गया कि, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य



गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण, प्रसव पूर्ण जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। जांच के क्रम में गर्भवती महिलाओं को रहन-सहन, साफ सफाई, खानपान और गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताई गई। शिविर में जांच कर रहे मेडिकल टीम ने गर्भवती महिलाओं की एएमसी, ब्लड, यूरिन, एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट बीट की भी जांच की। मौके पर बीसीएम सहित अन्य मौजूद थे।

## जल मीनार तो जैसे तैसे पर चापानल भी खराब पड़ेःचांदन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

बांका/चांदनः राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना के तहत घर घर नल जल पहूचाने का योजना तो लगभग प्रखंड क्षेत्र में सोभा का वस्तु बना हुआ है। और प्रखंड मुख्यालय में बैठे अधिकारी खुब ताल ठोक कर खाना पुर्ती कर लोगों को शुद्ध जल मिलने की बात करते हैं। लेकिन जल मीनार से पानी मिलना तो दूर विभागीय उदासीनता के कारण प्रखंड दर्जनों चापनल खराब होने से लोगों पानी पिने के तरस रहे हैं, ताजा मामला चांदन प्रखंड क्षेत्र के चांदन कटोरिया मुख्य मार्ग के ग्राम रगदाडीह स्थित पूरन यादव के घर के समीप स्थित चापाकल विगत कई महीनों से खराब पड़ा है। इस कारण आस पास व राहगीरों को खासी परेशानी हो रही है। विदित हो कि उक्त स्थान पर दो चापाकल है, और दोनों चापाकल खराब पड़ा हुआ है। लेकिन पीएचडी विभाग की ओर से हर साल श्रावणी मेला वक्त उस चापाकल का रंगाई- पुताई कर कागजों पर खानापूर्ति कर ली जाती है।मतलब साफ है कि पीएचडी विभाग के द्वारा पीले रंग की, अगर रंगाई चापाकल का हो गई है तो मान लीजिए की निश्चित चापाकल की मरम्मती हो गई। भले चापाकल आपका चलता नहीं हो लेकिन कागजों पर खानापूर्ति हो गई। यह मार्ग में हमेशा यात्रियों का आवागमन का मार्ग है। जहां कभी-कभी यात्रीगण रुक कर अपनी विश्राम स्थल बनाकर राहगीर खाना बनाते हैं, विश्राम करते हैं। लेकिन जब चापाकल अपनी आपबीती सुनाती है कि मेरी पाइप खराब है पानी नहीं दे पा रही हूं। तो क्या कहना यात्रीगण सारी ठहराव की व्यवस्था करने के बावजूद चापाकल की दयनीय स्थिति देखकर पुनः दूसरे स्थान की तलाश में जाना पड़ता है। उसी स्थान में कई घरों का बसेरा बना हुआ है। जिन्हें नित्य दिन पानी की तलाश में घर से हाफ किलोमीटर दूर जाकर आदिवासी टोला में पानी लाना पड़ रहा है। कुछ ही महीनों बाद गर्मी का मौसम आ रहा है अगर विभागीय उदासीनता के कारण पेयजल कूप की व्यवस्था या मरम्मत नहीं की गई तो, इस क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत हो जाएगी। रगदाडीह



गांव के दर्जनों परिवार के लोग इसी चापाकल पर आश्रित है। चापाकल खराब होने से लोगों को दूर दराज स्थित पेयजल स्त्रोतों से काम चलाना पड़ रहा है । गृहिणियों व पशुपालकों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार विभागीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई जा चुकी है। कई बार गांव के लोगों द्वारा आपस मे चंदा कर चापाकल की मरम्मत कराते रहे हैं। इस संबंध में कौशल्या देवी, मंजू देवी, सीमा देवी ने बतायी कि हमसब गरीब आदमी हैं, चापाकल का मरम्मत करवाना चाहती हू काफी अधिक रुपया मिस्त्री मांगता है ऐसी स्थिति में आर्थिक तंगी रहने के कारण मजबूरी बस दूर से ही पानी लाना बच्चों को पालन करना उचित समझती हूं।

## पीरपैंतीः बाखरपुर में किसानों का संगठन मजबूत पशुपालन एवं कृषि में करेगें तरक्की।

**सामाज जागरण पीरपैंती भागलपुर/देवमुनी कुमार**

पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र के बाखरपुर पूर्वी पंचायत में सोमवार को कृषि विभाग के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह आत्मा योजना कृषि विभाग के श्री परमेश्वर कुमार सिंह के देख रेख में पूर्व मुखिया रामबचन मंडल के दरवाजे पर अभय मंडल के अध्यक्षता में किसानों का किसान हितकारी बैठक किया गया बैठक के माध्यम से एक समूह का निर्माण किया गया इस समूह को निर्माण होने से किसानों का एक संगठन तैयार हो गया । यह संगठन कृषि एवं पशुपालन कार्य करेगी इन किसानों को आत्मा भागलपुर एवं कृषि विभाग के योजनाओं में प्रशिक्षण परिभ्रमण के साथ ही साथ किसान हितकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करेगी ।किसानों का समूह नाम निषाद कृषक हित समूह रखा गया जिसका अध्यक्ष श्री रामबचन मंडल सचिव देवमुनी मंडल कोषाध्यक्ष अभय मंडल को सर्व सम्मति से चयनित किया। इस अवसर स्थानीय किसान सीताराम



महतो,बली महतो , पृथ्वीचंद मंडल, रामदेव मंडल , सरूण गोंड, राजगृह मंडल, टेंगर मंडल, भोला मंडल, राजकूमार मंडल, जनार्धन मंडल, बली महतो , पवन कुमार सहित अन्य किसान मौजूद थे ।

पीरपैंती से संवाददाता देवमुनी कुमार की रिर्पोट।

## यदि सदन में सांसद की बात नही सुनी जाती तो हमे सहयोग करेः- रेलवे संघर्ष समिति

**दैनिक समाज जागरण**

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश पालीगंज/ " यदि सदन में सांसदो की बात नही सुनी जाती तो वे हमे सहयोग करे।" ये बाते सोमवार को पालीगंज बाजार स्थित बिहटा चौक पर जनता को सम्बोधित करते हुए रेलवे संघर्ष समिति के संयोजक मनोज यादव ने कहा।

जानकारी के अनुसार सोमवार को रेलवे संघर्ष समिति के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने रेलवे संघर्ष समिति के संयोजक मनोज यादव के नेतृत्व में 5 जनवरी को औरंगाबाद से पद यात्रा शुरू किया। उनसभी ने कई इलाके से होते हुए सोमवार को पालीगंज पहुंचे। जहां बिहटा चौक पर उन सभी कार्यकर्ताओ को सामाजिक कार्यकताओं व बाजार वासियों की ओर से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। वही जनता को सम्बोधित करते हुए रेलवे संघर्ष समिति के संयोजक मनोज यादव ने बताया कि यह यात्रा औरंगाबाद समाहरणालय से शुरू की गई है जो 155 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए हाजीपुर रेलवे जोनल कार्यालय तक की जाएगी। वही उन्होंने बताया कि सन 2 फरवरी 1980 में स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री चंद्रदेव प्रसाद वर्मा ने औरंगाबाद




से बिहटा तक 70 लाख जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर रेलवे लाइन बिछाने का सपना देखा व पास कराया था। जिसे पूरा करने के लिए 16 अक्टूबर 2007 को रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने पालीगंज खेल मैदान में शिलान्यास किया था। वही लालू यादव, नीतीश कुमार व रामबिलास पासवान ने रेलवे मंत्री बने। पूरे देश मे रेलवे लाइन की जाल बिछ गया। मेट्रो व बुलेट ट्रेन चलाने की बात चल रही है लेकिन 42 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां छोटी सी भी रेलवे लाइन नही बिछाई गई। 2015 से 2022 तक इस इलाके के लोग धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल व पद यात्रा कर रही है लेकिन इसपर सरकार की ध्यान नही है। वही उन्होंने कहा कि जिन इलाके से रेलवे लाइन गुजरेगी वहां से चार चार स-ांसद है। यदि उन सांसदों की बात सदन में नही सुनी जाती है वे पदयात्रा में शामिल होकर रेलवे संघर्ष समिति को सहयोग करे। यह किसी खास ब्यक्ति विशेष की मांग नही है बल्कि 70 लाख जनता की मांग है।

मौके पर जवाहर प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार, बिनोद चंद्रवंशी, दीपक कुमार व अशोक शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर ने उप प्रमुख एवं प्रमुख प्रतिनिधि की उपस्थिति में गरीबों के बीच बांटा कंबल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

अंचल पदाधिकारी फुल्लीडुमर ईशा रंजन ने उप प्रमुख बेनी शंकर यादव एवं प्रमुख प्रतिनिधि प्रसेजीत कुमार राय की उपस्थिति में सोमवार को विकलांग एवं असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गयो वहीं इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी इशा रंजन ने



बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए और असहाय एवं लाचार व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु फुल्लीडुमर अंचल को 53 कंबल वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है जिसे चिन्हित और असहाय व्यक्तियों के बीच बांटा जा रहा है कंबल वितरण के मौके पर अंचल नाजिर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे

## अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर ने 6 चिन्हित सार्वजनिक जगह पर अलाव जलाने का दिया निर्देश

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए 9 जनवरी 2023 सोमवार शाम से प्रखंड क्षेत्र के 6 चिन्हित सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था करने का निर्देश राजस्व कर्मचारी को दिया है वहीं इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर ईशा रंजन ने बताया कि आज सोमवार शाम से कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के 6 सार्वजनिक जगह पर अलाव जलाने का निर्देश राजस्व कर्मचारी को दिया



गया है जिसमें फुल्लीडुमर बाजार में 2, खेसर बाजार में 1, सादपुर पंचायत में एक, तेलिया पहाड़ पंचायत में एक एवं राता पंचायत में एक सार्वजनिक जगह पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है अंचलाधिकारी के निर्देश के बाद अलाव कहां-कहां जलाई जाएगी यह तो बाद में पता चलेगा

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फुल्लीडुमर में गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु शिविर का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फुल्लीडुमर में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गयो आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं का वजन, लंबाई, ब्लड प्रेशर, गर्भ की स्थिति, कोविड आदि की जांच कर दवाई दी गई जांच शिविर को लेकर दिनभर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों की भीड़ लगी रही



आयोजित जांच शिविर में 324 गर्भवती महिलाओं की जांच कर दवाई दी गई आयोजित जांच शिविर में स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार, बिसीएम रोहित कुमार, महिला चिकित्सक पूनम कुमारी, डॉ रोहित कुमार, डॉ संजीव कुमार, हेल्थ एजुकेटर मिथिलेश वर्मा, एएनम अर्चना लता, सरला कुमारी, वसुंधरा कुमारी, आशा कार्यकर्ता सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे

## पत्रकार पर जानलेवा हमला, बाल बाल बचे।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेन्द्र रतन।**

सुईया थाना क्षेत्र के सीताने गांव के हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार कविंद्र सिंह पर अपराधियों ने रविवार शाम को जान मारने की नियत से हमला किया, लेकिन वे अपने चतुराई से बाल-बाल बच गए ।जानकारी के मुताबिक कविंद्र सिंह समाचार संकलन करने के लिए कटोरिया गए थे। वापस घर लौटने के क्रम में शाम करीब 6:00 बजे




सतलेटवा - लहर्निया के बीच घात लगाए तीन अपराधियों ने जान मारने की नियत से हमला कर दिया। अपराधियों ने पत्रकार पर रोड से हमला किया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए । वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। हमला में उनका बाइक भी क्षतिग्रस्त हुआ है ।घटना को लेकर पत्रकार कविंद्र सिंह ने सूईया थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर सुईया थाना अध्यक्ष मनीष कुमार घटना को लेकर मामले की छानबीन कर रहे हैं।

## डुमरिया गांव में सोहराय पर्व को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के भोरसार भेलवा पंचायत अंतर्गत डुमरिया गांव में सोमवार को सोहराय पर्व को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।जिसमें आदिवासी जनजाति के हजारों लोग कार्यक्रम मेंशामिल हुए।यह मुख्य रूप से आदिवासी एवं जनजातियों का प्रमुख त्यौहार है। पर्व 9 जनवरी से लेकर 14 जनवरी तक चलेगा। इस भीषण ठंड




में आदिवासी महिलाओं एवं पुरुषों में पर्व को लेकर काफी खुशी देखी गई। पंचायत के मुखिया इंद्रावती देवी ने पर्व को लेकर आदिवासी समाज के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। यह पर्व अच्छी फसल के उपज के उपलक्ष में आदिवासी द्वारा सोहराय पर्व मनाया जाता है। यह पर पशुओं को खुश करने के उद्देश्य मनाया जाता है कि उसके मेहनत से साल अच्छी उपज होती है। यह पर्व आदिवासियों का प्रकृति से जुड़ा पर्व है और काफी पौराणिक पंप परंपरा के अनुसार मनाया जाता है। डुमरिया के साथ-साथ प्रखंड के कई आदिवासी क्षेत्रों में यह पर्व की धूम है इस पर्व में आदिवासी महिला पुरुषों द्वारा नाच गान किया जाता है।

## प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर में 529 महिलाओं की हुई जांच

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

कटोरिया बांका रेफरल अस्पताल में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच शिविर का आयोजन किया गया। कटोरिया रेफरल अस्पताल में 252, जमदाहा में 107, जयपुर में 113, इनारावरण में 57 कुल 529 गर्भवती महिलाओं की जांच हुयी। प्रसती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां दी गई । जांच मे बीपी, पल्स, गर्भावस्था में बच्चे का ग्रोथ



की जांच की गई । साथ ही हिमोग्लोबिन अन्य की जांच किया। प्रसूति महिला को नाश्ते में सेब, केला दिया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सक एसडी मंडल, डा.बिनोद कुमार, जमदाहा में डा. रविंद्र कुमार, डा.कृपासिंधु, डा. मधुलिका रानी, स्वास्थ्य प्रबंधक अमरेश कुमार, डाटा आपरेटर राज प्रताप सिंह, एक्सरे टेक्निशियन अमित कुमार, एएनएमे प्रियंका कुमारी, सोनी कुमारी, पायल कुमारी, निशा यादव, कंचन कुमारी अन्य उपस्थित थे।

# थानाध्यक्ष प्रयास करें कि उनका क्षेत्र मुकदमा मुक्त क्षेत्र हो। तभी पुलिस की छवि नागरिक हितैषी होगी. - सचिव।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर औरंगाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के समस्त थानाध्यक्षो के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण , अनिल कुमार मिश्र ,प्रभारी सह ब्यूरो चीफ, मगध प्रमंडल सह ब्यूरो चीफ औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 09 जनवरी 2023 :- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव,श्री प्रणव शंकर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री शुकुल राम , अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री संतोष कुमार के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कॉन्फ्रेंस हॉल में आज औरंगाबाद अनुमण्डल क्षेत्र में पदस्थापित सभी थानाध्यक्षो की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 11 फरवरी को अयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु थानाध्यक्षो के द्वारा उनके स्तर से मामलों के चिंहित कर अपने अपने थाना क्षेत्र में लोक अदालत के सम्बंध में जागरूक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन करवाने हेतु प्रेरित किया गया।

बैठक में सचिव ने थानाध्यक्षो को कहा कि प्राधिकार ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की सूची थानावार तैयार की है जिसको आपलोगो को उपलब्ध करायी जा रही है जिनमे बहुत सारे ऐसे मामले है जो दशकों पुराने है जिसको थोड़ा प्रयास से खत्म किया जा सकता है जिसमे आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उक्त मामलो में पक्षकारों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें प्रोत्साहित करें कि उक्त मामलों को खत्म कर भाई चारे प्रेम के वातावरण और विवाद मुक्त समाज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। सचिव ने थानाध्यक्ष से कहा आप अपने थाना स्तर पर ध्यान दें कि लोक अदालत के सम्बंध में निर्गत नोटिस को पक्षकारों तक समयानुसार पहुँच जाये। आप सभी.राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता में महत्वपूर्ण कड़ी हैं । अतः लोक अदालत की सफलता हेतु थानाध्यक्ष अपने स्तर से भी लोगो को जागरूक करें ,इसमे स्थनीय स्तर के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ अधीनस्थ कर्मचारियों का मदद प्राप्त कर पक्षकारों को उनके वादों के राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण करवाने हेतु जागरूक करें।

बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री शुकुल राम ने थानाध्यक्षो को कहां की लोक अदालत से सम्बंधित जितनी भी नोटिस न्यायालय और प्राधिकार से भेजी जा रही है उन्हें ससमय पक्षकारों तक पहुँचे इसकी निगरानी स्वयं थानाध्यक्ष खुद करेंगे तो नोटिस तमिला समय से हो जाएगा और थानाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता और वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण





हेतु खुद लोगो को प्रेरित करे तो राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड वादों का निस्तारण हो जाएगा साथ ही थाना क्षेत्र छोटे मोटे विवाद से मुक्त भी होगा। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति लोगो मे जागरूकता आएगी, साथ ही पुलिस की छवि लोगो के बीच विवाद सुलझाने में सहायक वाली होगी ।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि थानाध्यक्ष अपने इलाके के जनप्रतिनिधियों को बुलाकर लोक अदालत के संबंध में उन्हें जागरूक करें, ताकि वह अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर अन्य लोगों को भी लोक अदालत के लिए जागरूक कर अपने गांव मुहल्ले को विवाद मुक्त बनाये। उपरोक्त आशय की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से न्याय विद सतीश कुमार स्नेही ने दी है।

जिला विधि सेवा प्राधिकार द्वारा क्षेत्रीय पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी तथा कर्मचारियों को दिए गए दिशानिर्देश किस हद तक कारगर साबित होगा यह तो कह पाना कठिन होगा ,किंतु प्राधिकार मिशन विफल ना हो जाए इस लिए जनहित में इनकी क्रियाकलापों को बताना आवश्यक प्रतीत होता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद एवं इससे जुड़े न्यायपालिका के संबंधित द्वारा संबंधित थानाध्यक्ष को आज की बैठक में प्राप्त दिशानिर्देश किस हद तक सफल साबित होंगे, यह तो कह पाना कठिन होगा ,फिर भी इस अभियान से जुड़े माननीय को जनहित में यह बता देना चाहेंगे कि बैठक में प्राप्त दिशानिर्देशों के विपरीत संबंधित थानाध्यक्ष ,अंचल अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य को करते आ रहे हैं तथा अपराधकर्मियो को संरक्षण देने का कार्य करते हैं। कार्यपालिका से जुड़े संबंधित क्षेत्रीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी ,संबंधित थानेदार तथा संबंधित कर्मचारी द्वारा विवादों में लोगों को उलझाकर रखना और अनैतिक रूप से परेशान करना तथा गलत लोगों की आड़ में जनता को परेशान कर मोटी रकम कमाना, इनकी दिनचर्या बन चुका है, इनके अनैतिक कार्यों पर नियंत्रण स्थापित करने में जिले के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी विफल साबित हो चुके है और होते आ रहे हैं। फलस्वरूप सरकार एवं प्राधिकार की मिशन विफल साबित न हो इसके लिए इनके क्रिया कलापों की प्रति माननीय को ध्यान आकृष्ट करना जबादेही हैं। क्षेत्रीय पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों तथा संबंधित कर्मचारियों के क्रियाकलाप.पर प्राधिकार से जुड़े सभी लोगों को विशेष रुप से ध्यान देना होगा ,तभी सफलता हासिल होंगे ।

# कुहासा एवं कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त, सरकारी अलाव की व्यवस्था अपर्याप्त

**गुड्डु कुमार, समाज जागरण संवाददाता**

वारिसलीगंज (नवादा)। सोमवार को सुबह से ही घने कोहरे एवं हाड़ कपकांपने वाली बफीर्ली पछुआ हवा का ठंड से वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त कर रखा है। फलतः ठंढ व कनकनी से लोग बेहाल हो रहे हैं। शाम के चार बजे के बाद से हवा में बेहद कनकनी महशुश होने लगते हैं। जो दूसरे दिन 12 बजे सूर्योदय के बाद ही लोग थोड़ी राहत महशुश करते हैं।वारिसलीगंज नप द्वारा शहरी क्षेत्र के नौ प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, जो ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था अपर्याप्त है। शाम ढलते ही बाजार की सड़कों पर वीरानगी छाने लगती है। लोग अपने आपको ठंड से बचाने को ले घरों में कैद कर ले रहे हैं। जबकि वारिसलीगंज बाजार की सड़कों पर करीब एक दर्जन से अधिक छुट्टा पशु जिसमें कई गायें शामिल रहती है। जिसकी न तो खाने पीने की व्यवस्था होती है और नहीं ठंड से बचने को ले कोई छप्पर है। सभी पशु बर्फ जमा देने वाली रात में सड़कों पर यूं ही घूमती नजर आती है।वही गरीब एवं आश्रय बिहीन लोगो के लिए नप कार्यालय द्वारा नगर में एक स्थायी एवं एक अस्थायी आश्रय स्थल का निर्माण करवाया गया है। लेकिन जानकारी के अभाव में बेसहारा लोग आश्रय स्थल तक पहुंच भी नहीं पाते हैं। भीषण ठंड एवं कनकनी से बचने को ले लोग दिनभर आग सेकते नजर आये। वारिसलीगंज नगर परिषद द्वारा जो अलाव की व्यवस्था नगर के मुख्य पथ में तीन चार स्थानों समेत स्टेशन परिसर आदि कुल नौ स्थानों पर की गई है, वह नाकाफी है। नगर के पकरीबरावां बस पड़ाव के समीप बना रिक्शा पड़ाव में मुसाफिरो को ठहरने को ले टेंट की घेराबंदी की गई है। लेकिन उक्त स्थल पर शाम ढलते ही सन्नाटा छा जाता है। फलतः आश्रय स्थल में कोई मुसाफिर रात नहीं गुजार पाते हैं।जबकि माफी गढ़ पर बने स्थायी आश्रय स्थल रेलवे स्टेशनएवं बस पड़ाव से काफी दूर रहने के कारण



कोई भी व्यक्ति रात में अब तक नहीं रुकते हैं, जबकि उक्त आश्रय स्थल का भवन तिमंजिला एवं पेयजल तथा शौचालययुक्त तो है ही, साथ में आंशिक भुगतान पर भरपेट भोजन देने का भी प्रावधान है। वारिसलीगंज में तेज पछुआ हवा के चलते ठंड में बेतहाशा वृद्धि हो जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के अनुसूचित टोले के गरीबो की परेशानी बढ़ गई है।गर्म वस्त्र की कमी जब महशुश होती है तब सरकारी कम्बल याद आती है। जो पूर्व के वर्षों में ठंड के शुरूआती दौर में ही बितरण किया जाता था। बाजार के अधिकांश लोग अपनी व्यवस्था से दिन भर आग सेकते बैठकर दिन गुजार रहे हैं । इस बाबत पूछे जाने पर वारिसलीगंज नप के कार्यपालक पदाधिकारी जया ने कहा कि ठंड से बचाव को लेकर नगर के शहरी क्षेत्र के नौ प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करवाई गई है।

# अपहरण मामले में पुलिस के हाथ अबतक खाली

**गुड्डु कुमार ,संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा)। वारिसलीगंज नगर परिषद् के वार्ड संख्या सात पावर हाउस (समीचक) मोहल्ला निवासी शिवशंकर सिंह के हत्यारों एवं स्व. सिंह की नाबालिग पुत्री शालिनी कुमारी के अपहरण मामले में दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। यह घटना 15 दिसंबर 2020 की है। समय की धूल घटना पर एक परत बनकर उसे ढक दिया है।हालांकि मृतक के पुत्र सह कांड का सूचक सिंटू कुमार को आज भी अपने पिता के हत्यारों को सजा दिलवाने एवं खोई बहन से मिलने का इन्तजार है। क्षेत्र के लोग घटना को भूल चुके है। जबकि पुलिस की अनुसंधान अभी तक हत्यारे एवं बालिका के अपहर्ता को ढूंढ़ पाने का सुराग तक खोज पाने में विफल है। घटना के बाद पकरीबरावां के तत्कालीन एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में वारिसलीगंज पुलिस के अलावे डीआईयू पुलिस की मदद से केस की गुत्थी सुलझाने के लिए घटना के कुछ दिन बाद तक पुलिस



दिन-रात हाथ पैर मारते रही। लेकिन घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग तक पहुंचने में पुलिस विफल साबित हुई है।

घर में घुसकर बदमाशों ने घटना को दिया था अंजाम

जानकारी हो कि 15 दिसंबर 2020 (मंगलवार) की देर रात घर में सपरिवार सोए शिवशंकर सिंह के घर में घुसकर बदमाशों ने शिव शंकर सिंह की गला काटकर हत्या कर दी। थी। जबकि महज दो फिट की दूरी पर स्थित दूसरे बेड पर सोई उनकी 16 वर्षीय पुत्री शालिनी कुमारी को हत्यारे अपने साथ लेकर चले गए थे। घटना की सूचना के बाद पकरीबरावां के तत्कालीन एसडीपीओ समेत अन्य पुलिस दिनरात अपराधियों के सुराग पाने को लेकर काफी सक्रिय हुई थी । तत्कालीन एसपी भी घटना स्थल पर पहुंचकर स्वजनों को हत्यारों को शीघ्र पकड़ने एवं अपहृत बालिका को बरामद करने का भरोसा दिलवाया था । लेकिन स्वजनों में पुलिस के कार्य के प्रति निराशा का भाव बन चुका है। इस मसले पर पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी ने कहा कि उक्त मामले की जानकारी सम्बंधित अनुसंधान से लेकर केस की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया जाएगा ।

# जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में शिक्षक अभिभावक परिषद का किया गया गठन

जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में रविवार को पी टी सी की आहुत बैठक में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के सक्रिय एवं जागरूक अभिभावकों में लगभग पांच दर्जन अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दी और शिक्षक अभिभावक परिषद का गठन किया गया। साथ ही अभिभावकों ने शिक्षण व्यवस्था आदि से संबंधित अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा ने अभिभावकों का स्वागत किया और सभी शिक्षकों की ओर से उन्हें आश्वस्त किया कि हमारा सामुहिक प्रयास रहेगा जिससे बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके। वरिष्ठ शिक्षक ए के शर्मा ने बताया कि अभिभावकों की संख्या और अधिक होनी चाहिए थी। इससे अभिभावकों में जागरूकता की कमी दिखती है। अभिभावक अपने बच्चों को भी बराबर कौसलिंग करें ताकि वे अपने समय का उचित प्रबंधन कर सके। सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर एवं अभिभावकों के बीच इस बैठक में



कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

वहीं दूसरी ओर नयी शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में कला को महत्वपूर्ण मानते हुए सायंकालीन राजस्थानी लोक नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।विद्यालय में राजस्थानी लोक नृत्य कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर एंड स्पोर्ट्स के द्वारा पटना की टीम सुरम नाथ के द्वारा कार्यक्रम की लाजबाव प्रस्तुति की गई। इस दल के महिला नृत्यांगनाओं ने राजस्थानी लोक नृत्य की ऐसी छटा बिखेरी की राजस्थान की लोक संस्कृति की आभा सबको इस प्रकार सम्मोहित कर दिया और विद्यालय परिवार व बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता और लोक लुभावन नृत्य की अनूठी छाप चिरस्मरणीय रहेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कलात्मक रूझान पैदा करना और लोक नृत्य का लोक जीवन में प्रभाव से अवगत कराना महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी कलाकारों का स्वागत किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का संचालन मो समीउद्दीन ने किया और इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी व बच्चे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कमलेश तिवारी की तरह कहीं मेरी भी हत्या ना हो जाए: मनोज सोनी

**दैनिक समाज जागरण अररिया जिला संवाददाता चंदन कुमार दास**

विश्व हिंदू परिषद उत्तर बिहार कार्यसमिति की चल रहे तीन दिवसीय बैठक पूर्णिया के गुलाब बाग पाठ व्यवसाई भवन में शामिल होने पहुंचे बजरंग दल अररिया के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी, इस दौरान श्री सोनी ने परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम श्री डॉक्टर आरएन सिंह से मुलाकात किया और

अररिया जिला में बढ़ती हुई लव जिहाद गौ तस्करी एवं धर्मांतरण पर विशेष चर्चा की '

श्री सोनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बताया अररिया जिले में हिंदुओं को कमजोर करने की बहुत बड़ी षड्यंत्र चल रही है जिहादी मुसलमानों के द्वारा हिंदू बेटियों को प्रलोभन के सहारे चंगुल में फंसा कर भगा ले जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है ' लव जिहाद रोकने के लिए आगे



आए बजरंग दल के कार्यकताओं को झूठा मुकदमा में फंसा कर उसे तंग तबा कर उन्हें डराया जा रहा है उनकी हौसले को कमजोर किया जा रहा है '

श्री सोनी ने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा कुछ लोग कट्टरपंथियों के साथ मिलकर मेरी हत्या की साजिश रच रहे हैं मुझे झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की षड्यंत्र रच रहे हैं, हमें शंका है यूपी के हिंदू संगठन के मुखिया कमलेश तिवारी की तरह कहीं मेरी भी हत्या ना हो जाए अब तक कई झूठा मुकदमा में हमें फसा चुका है ' हिंदू हित की कार्य एवं मेरी बढ़ती हुई लोकप्रियता से विरोधी परेशान होकर हमारा हत्या करवाना चाह रहा है, उन्होंने कहा बिहार के डीजीपी सहित केंद्र के कई अधिकारियों को पत्र भेज कर घटना की जानकारी से अवगत करवा चुका हूं '

# प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लिए विशेष कैम्प का आयोजन

पूर्णिया । बढ़ते ठंड के कारण अगले आदेश तक के लिए जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद कर दिया गया है। सभी सेविकाओं द्वारा घर घर जाकर बच्चों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा अपने पोषक क्षेत्रों के 0 से 6 वर्ष के सभी बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की जांच भी की जा रही है। लोगों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना व मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की भी जानकारी दी जा रही है साथ ही कैंप का आयोजन करते हुए लक्षित लाभार्थी को लाभांवित के लिए आवेदन भी लिया जा रहा है '

सेविकाओं द्वारा गृह भ्रमण के दौरान लोगों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की भी जानकारी दी जा रही है। लोगों को बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भावस्था के दौरान पंजीकरण के समय प्रथम किस्त के रूप में 1000 रुपये की राशि दी जाती हैं, वहीं दूसरी किस्त के रूप में 2000



रुपये की राशि प्रसव से पूर्व दी जाती हैं। अंतिम व तीसरे किस्त के रूप में 2000 रुपये दिया जाता है, जब बच्चे का जन्म, पंजीकरण व सभी तरह के टीकाकरण का प्रथम चक्र पूरा हो जाता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान ही जननी सुरक्षा योजना के तहत एक हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जाती है । इसके अलावा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों से हर साल 03 कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना का लाभ परिवार की केवल दो प्रथम क्रम की कन्या संतानों को दिया जाता है। इसके तहत लाभार्थियों को दो किश्तों में 3000 रुपये का लाभ उपलब्ध कराया जाता है। आईसीडीएस डीपीओ रजनी गुप्ता ने सभी सेविकाओं को विशेष कैम्प के अंतर्गत अपने पोषक क्षेत्र के लाभार्थियों को दोनों योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# जिले में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिये संचालित हुआ विशेष अभियान

## सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं की हुई निःशुल्क जांच

अररिया । प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के व्यापक व गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल संबंधी सेवा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य सोमवार को जिले में विशेष अभियान संचालित किया गया। इसे लेकर जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की समुचित जांच के उपरांत जरूरी चिकित्सकीय परामर्श व दवा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया. अभियान की सफलता को लेकर संबंधित क्षेत्र की आशा व एएनएम द्वारा स्थानीय गर्भवती महिलाओं को चिह्नित किया गया था.

**प्रसव पूर्व चार जांच जरूरी**

जिले में मातृ मृत्यु दर के मामलों में कमी लाने को लेकर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। इसे लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में अवस्थित चिकित्सा संस्थानों को प्रसव संबंधी सेवाओं से लैस किया गया है. फिलहाल 62 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रसव संबंधी सेवा उपलब्ध



है. इसकी संख्या बढ़ाने को लेकर निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं. गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व चार जांच सुनिश्चित कराने को लेकर विशेष पहल की जा रही है। इसमें प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम बेहद प्रभावी व महत्वपूर्ण साबित हो रहा है. डीएमएनई पंकज कुमार झा ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शुरूआती पहचान के लिये प्रसव पूर्व जांच जरूरी है। गर्भावस्था के जटिल मामले एनीमिया, प्रीक्लेम्पसिया, यौन संचारित रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य रोगों का इससे उचित प्रबंधन संभव होता है। इससे जन्म के समय कम वजन, समय से पहले प्रसव, सहज गर्भपात, प्रसव के दौरान होने वाली मौत के मामलों में काफी हद तक कमी लायी जा सकती है। अभियान के क्रम में 4000 से अधिक महिलाओं की जांच व 400 से अधिक जटिल प्रसव संबंधी मामलों को चिह्नित किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

# प्रधानमंत्री ने ब्रासीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे और तोड़फोड़ की खबरों पर चिंता व्यक्त की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रासीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे और तोड़फोड़ की खबरों पर चिंता व्यक्त की है। अपने एक ट्वीट में, प्रधानमंत्री ने कहा; ब्रासीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे और तोड़फोड़ की खबरों से बेहद चिंतित हूं। सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। हम ब्राजील के अधिकारियों को अपना पूरा समर्थन देते हैं।

# प्रोफेसर महेंद्र प्रताप सिंह बने अभाविप के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख

अररिया ।5 दिसंबर से छपरा में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय प्रदेश अधिवेशन का 8 दिसंबर को समापन हुआ। प्रदेश अधिवेशन में ही प्रदेश इकाई की घोषणा की गई। इस घोषणा में अररिया जिला को भी सम्मानजनक स्थान मिला है। उक्त बातें परिषद के नवनिर्वाचित पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा।

प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश मंत्री की घोषणा के लिए मुझे ही चुनाव अधिकारी बनाया गया, जो मेरे लिए सम्मान की बात है। मेरे द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के लिए डॉक्टर ममता कुमारी तथा प्रदेश मंत्री के लिए




अभिषेक यादव (मधेपुरा) के नाम की घोषणा की गई। शेष दायित्व धारियों के नाम की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ममता कुमारी द्वारा की गई। अररिया जिला के नए दायित्व धारियों का नाम निम्नलिखित है-

1- प्रोफेसर महेंद्र प्रताप सिंह-पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख
2- प्रोफेसर संजीव कुमार सिंह,विभाग प्रमुख
3- आकाश श्रीवास्तव- जिला सह संयोजक
4- ललित पोद्दार- जिला प्रमुख
5- अजीत रंजन- जिला संयोजक

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य- प्रीति पायल, सूरज चौधरी, गोपाल साह, मनीष यादव, शिवम साह तथा धर्मेंद्र शर्मा के नाम की घोषणा की गई।

# 50 लीटर महुआ शराब जब्त, दो वाहन जब्त

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां( नवादा) सोमवार को धमौल ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रखण्ड की बेलखुंडा पंचायत के पड़रिया करबला के पीपल पेड़ के पास से एक होंडा सिटी कार से 45 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। उसी स्थान से एक दोपहिया वाहन से 5 लीटर महुआ शराब बरामद किया। एसआई गिरधारी सहनी ने बताया कि शराब की सूचना मिलते ही छापेमारी की गई।

# सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां(नवादा)। सोमवार को पकरीबरावां- कौआकोल पथ पर दतरौल मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में कौवाकोल थाना के मुन्ना चौधरी के 45 वर्षीय पुत्र केदार चौधरी बुरी तरह जख्मी हो गया। लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे नवादा रेफर कर दिया गया। बताया गया कि वह बाइक से पकरीबरावां की ओर आ रहा था। इस बीच संतुलन खो जाने के कारण हादसा हुआ।

# पंचायत स्तर पर रिक्त पदों के लिए होगा उपचुनाव

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां( नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में वार्ड एवं पंच पद के लिए उप चुनाव होंगे। इसकी तैयारियां तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि चुनाव के बाद पकरीबरावां के पकरीबरावां उतरी पंचायत के वार्ड संख्या 10 एवं बेलखुंडा के वार्ड संख्या 10 में वार्ड सदस्य ने त्यागपत्र दे दिया था, जबकि ज्यूरी के वार्ड संख्या 12 में वार्ड सदस्य की मृत्यु होने के कारण पद रिक्त है। वहीं पंच के लिए पोकसी के वार्ड संख्या 9, डुमरावा के वार्ड 2, उकौड़ा के वार्ड 6,7,8 एवं 10, बेलखुंडा के वार्ड 4 एवं 10, ढोढा के वार्ड 01, गुलनी के वार्ड 11 एवं 14, कबला के वार्ड 3, 8 एवं 9, धमौल के वार्ड 14 एवं ज्यूरी के वार्ड 2 में उपचुनाव होंगे।

# घर- घर जाकर प्रगणक कर रहे हैं जनगणना

**कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां( नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड में घर- घर जाकर प्रगणक कार्य कर रहे हैं। जनगणना से संबंधित सामग्री मिलते ही प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना करना शुरू कर दिए हैं। सोमवार को पकरीबरावां दक्षिणी के वार्ड नंबर 17 में फरहत जहां, पंचम कुमार एवं धीरज कुमार ने जनगणना का काम किया। डुमरावां पंचायत के भगवानपुर में गणेश चौहान ने जनगणना



किया। इसी तरह एरुरी पंचायत के वार्ड नंबर 12 में शिक्षक संतोष कुमार जनगणना कर रहे हैं। दक्षिणी ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 16 में अगस्त कुमार गौरव इस कार्य में लगे हैं। पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक द्वारा लगातार इसकी निगरानी की जा रही है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि प्रगणकों को अपने क्षेत्र में जनगणना का कार्य करते समय फोटोग्राफी कर बनाये गए व्हाट्सएप ग्रुप में भेजने को कहा गया है। पर्यवेक्षकों को प्रगणकों को पूरा सहयोग करने को कहा गया है।

# 170 गर्भवती महिलाओं का किया गया प्रसव पूर्व जांच

**समाज जागरण संवाददाता** वारिसलीगंज (नवादा)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काशीचक में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व (एएनसी) जांच की गयी । जिसमें बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं पहुंच कर सुरक्षित और सामान्य प्रसव के लिए एएनसी जांच करवाई। जांच के बाद प्रभारी



डॉ अभिषेक राज के द्वारा गर्भवती को आवश्यकतानुसार आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया। जिसमें रहन-सहन, साफ-सफाई, खान-पान, गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, समेत अन्य चिकित्सा परामर्श विस्तार पूर्वक दिया गया ,वही कैल्शियम व आइरन फोलिक एसिड की गोली तथा कई गर्भवती महिला को टीटी इंजेक्शन दिया गया। मौके पर प्रभारी डॉ अभिषेक राज ने बताया कि 170 गर्भवती महिलाओं की जांच कर दवा दी गई इस मौके पर डॉ जीवेश कुमार , डॉक्टर अशोक कुमार आफताब आलम , विनोद कुमार, कुंदन कुमारी रीता सिन्हा ,बेबी सिन्हा, नेहा राज ,अनिता कुमारी, रविता कुमारी, शिवानंद राय, पुरुषोत्तम कुमार, सोनू कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# मधेपुरा के बेहतरी के लगातार प्रयासरत रहते थे संदीप

मधेपुरा यूथ एसोसिएशन (माया ) के संस्थापक सदस्य समीधा ग्रुप के निदेशक संदीप सांडिल्य की दूसरी पुण्य तिथि के पर बी एन एम यू मधेपुरा के पूर्व कुलसचिव प्रो. सचिन्द्र महतो के निवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया.इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व कुलसचिव प्रो. सचिन्द्र ने कहा की मधेपुरा के एक होनहार युवा का एक अनहोनी में इस दुनिया से चला जाना काफी दुःखद रहा.



इस अवसर पर माया के अध्यक्ष राहुल यादव एवं संरक्षक डॉ. अमिताभ एवं तुरबसु ने कहा की मधेपुरा के सुंदर स्वछ बनाने के लिए, कम्प्यूटर क्षेत्र में छात्रों को ट्रेनिंग के लिए, नदी संरक्षण के लिए, खेल को बढ़ावा देने के लिए माया नाम से संगठन बनाकर हमलोग काम करते रहे लेकिन एक अनहोनी में उनका चला जाना काफी दुःखद रहा.

श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए संदीप के पिता सेवानिवृत बैंक अधिकारी संतोष कुमार झा एवं आशीष सोना ने कहा की एक जिंदादिल युवा का हम सभी के बीच से जाना काफी दुःखद रहा.इस अवसर पर माया के उपाध्यक्ष सौरव यादव, कुंदन कुमार सिंह,गुलशन कुमार, पुरुषोत्तम कुमार,शशि कुमार, रिंकू कुमार, राजा कुमार, प्रशांत कुमार, रमन कुमार, ईश्वर कुमार सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता माया के अध्यक्ष राहुल यादव एवं संचालन माया के कोषाध्यक्ष सुधांशु कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सौरव कुमार ने किया.

# भारत मानक ब्यूरो ने बिल्ट इन सैटेलाइट ट्यूनर वाले डिजिटल टेलीविजन रिसीवर के मानक प्रकाशित किए

भारतीय मानक ब्यूरो ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में तीन महत्वपूर्ण भारतीय मानक प्रकाशित किए हैं। इनमें पहला मानक बिल्ट इन सैटेलाइट ट्यूनर वाले डिजिटल टेलीविजन रिसीवर के लिए भारतीय मानक है। भारतीय मानक ब्यूरो ने अपनी तकनीकी समिति के माध्यम से बिल्ट इन सैटेलाइट ट्यूनर वाले टेलीविजन के लिए एक भारतीय मानक आईएस 18112:2022 विशिष्टता प्रकाशित की है। इस भारतीय मानक के अनुसार निर्मित टीवी किसी उचित स्थान, किसी भवन की छत/दीवार के किनारे लगे एलएनबी के साथ एक डिश एंटीना को जोड़कर फ्री-टू-एयर टीवी और रेडियो चैनलों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

इससे सरकारी पहलों, योजनाओं और दूरदर्शन की शैक्षिक सामग्री तथा भारतीय संस्कृति कार्यक्रमों के भंडार के बारे में ज्ञान के प्रसारण में मदद मिलेगी और इनसे पूरे देश में बड़े पैमाने पर लोगों तक जानकारी पहुंचने और उससे लाभान्वित होने की सुविधा उपलब्ध होगी।

वर्तमान में, देश में टेलीविजन, विभिन्न पेड और फ्री चैनल देखने के लिए सेट-टॉप बॉक्स खरीदने की जरूरत पड़ती है। दर्शकों को दूरदर्शन द्वारा प्रसारित फ्री टू एयर चैनलों (गैर-एन्क्रिप्टेड) को प्राप्त करने के लिए सेट टॉप बॉक्स का उपयोग करना जरूरी है। अब दूरदर्शन चरणबद्ध तरीके से एनालॉग प्रसारण को बंद करने की ओर अग्रसर है। दूरदर्शन, डिजिटल

